इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के लिए श्री सत्यनारायण भगवान सज धजकर तैयार।

वर्ष- 43 अंक -277 राजनांदगांव, सोमवार 26 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

केन्द्रीय गृह अमित शाह ने रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल कार्यालय का किया ऑनलाइन उद्घाटन, अब मादक पदार्थों की तस्करी पर लगेगी रोक

रायपुर (दावा)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के आंचलिक इकाई कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया। अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, महानिदेशक, एनसीबी, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का 2047 में भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष में नशामुक्त देश का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और वैभवशाली भारत के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। श्री शाह ने कहा कि ड्रग्स सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि एक वैश्विक समस्या है। केन्द्रीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नशामुक्त भारत का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है - केन्द्रीय गृह अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को शिद्दत, गंभीरता और एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ेंगे तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में नारकोटिक्स का अवैध व्यापार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। श्री शाह ने कहा कि ड्रग्स के अवैध व्यापार से अर्जित धन आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स से न सिर्फ देश की युवा पीढ़ी बर्बाद होती है बल्कि देश की सुरक्षा भी कमजोर होती है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सभी मिलकर नारकोटिक्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ें और मोदी जी के नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करें। उन्होंने कहा कि आज एनसीबी के रायपुर जोनल कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। उन्होंने कहा कि ये जोनल ऑफिस न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे क्षेत्र में नारकोटिक्स पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि देश के हर राज्य में एनसीबी की उपस्थिति हो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हर राज्य में एनसीबी के कार्यालय की स्थापना कर राज्य सरकारों के सहयोग से नशे के कारोबार को खत्म करेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज ड्रग्स ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा है और ये नैचुरल से सिथेटिक ड्रग्स की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सेडेटिव उपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है और गांजा का उपयोग भी 4.98 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। अमित शाह ने ड्रग्स की तस्करी के मामलों की जांच में वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें टॉप टू बाटम और बाटम टू टॉप अप्रोच के साथ काम कर पूरे नेटवर्क को रूथलेस तरीके से ध्वस्त करने की जरूरत है। श्री शाह ने कहा कि जब तक हम पूरे नेटवर्क पर प्रहार नहीं करेंगे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

खड़गे ने भाजपा पर बोला हमला, कहा- यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार के यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को लेकर तीखा हमला बोला है। खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद, जनता की ताकत ने प्रधानमंत्री के अहंकार पर काबू पाया है।

हम देश की जनता के लिए लड़ते रहेंगे

खड़गे ने अपने पोस्ट में कहा कि सरकार ने पहले बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन/इंडेक्सेशन का निर्णय वापस लिया था। इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल और यूपीएससी में उच्च पदों पर लैटरल एंट्री के फैसले को भी वापस लिया गया। खड़गे ने कहा कि हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और 140 करोड़ भारतीयों की सुरक्षा के लिए लड़ते रहेंगे।

यूपीएस और एनपीएस में चुनना होगा एक पेंशन प्लान

शनिवार को केंद्रीय सरकार ने नई पेंशन स्कीम के स्थान पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लाने की घोषणा की। यह योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी, जिससे 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा। क्क के तहत कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की गारंटी दी गई है, जो ह्वक्क में बाजार के आधार पर तय होती थी।

यूपीएस पर आप का बयान

नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी अब अपने फैसलों पर पुनर्विचार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही अग्निवीर योजना जैसे अन्य फैसले भी वापस लिए जाएंगे। भारद्वाज ने यह भी कहा कि विपक्ष की बात अब सही साबित हो रही है और केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को दबा रही थी।

कांग्रेस और शिवसेना के आरोप

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि सरकार जो काम पहले करना चाहिए था, वह अब दबाव में कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को पेंशन के मामले में फैसला लेना चाहिए और कर्मचारियों को उनकी पूरी वेतन (सेवानिवृत्ति से पहले) मिलनी चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हर घर तिरंगा अभियान की सफलता से चंद्रयान-3 तक, 'मन की बात' में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला से दिए गए अपने संबोधन को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी युवाओं से राजनीति में आने का आग्रह किया। परिवारवादी पार्टियों पर प्रतिभाओं का दमन करने का आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में आने के लिए युवाओं को सही मार्गदर्शन की तलाश है।

उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के साथ अंतरिक्ष सेक्टर से जुड़े युवाओं से चंद्रयान-3 को लेकर भी बात की। पीएम मोदी के मन की बात का यह 113वां एपिसोड था। पीएम ने गैर राजनीतिक परिवार के युवाओं से राजनीति में सक्रिय होने का आग्रह करते हुए कहा था कि इससे लोकतंत्र मजबूत होगा।

पीएम के आग्रह के बाद युवाओं में भारी उत्साह

पीएम के इस आग्रह के बाद युवाओं में भारी उत्साह है। पीएम ने कहा कि इस प्रतिक्रिया से पता चलता है कि राजनीति में आने के लिए कितनी बड़ी संख्या में युवा तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके की तलाश है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी ऐसे कई लोग सामने आए थे, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। उन्होंने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए फिर उसी धुन की जरूरत है।

पीएम ने युवाओं से आगे आने का आग्रह किया और उम्मीद जताई कि उनका अनुभव और जोश देश के भविष्य को बदलने वाला होगा। गैलेक्सी-आई स्टार्टअप खड़ा करने वाले आईआईटी मद्रास के छात्र से अंतरिक्ष सेक्टर पर चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में बहुत कुछ हो रहा है, जिससे देश की नींव मजबूत ही रही है। 23 अगस्त को देश ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया है। पिछले वर्ष इसी दिन देश का चंद्रयान-3 अभियान सफल हुआ था।

हर घर तिरंगा अभियान को पीएम मोदी ने बताया सफल

छात्र ने पीएम को स्टार्टअप प्रारंभ करने की कहानी बताई। पीएम ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बताया और कहा कि इसने देश को एक सूत्र में बांधा है। कोने-कोने से इसकी अद्भुत तस्वीरें आई हैं। घरों, स्कूलों, कालेजों एवं विश्वविद्यालयों में हमने तिरंगा देखा। दुकानों, दफ्तरों, डेस्कटाप, मोबाइल और गाड़ियों में तिरंगा लगाया। जम्मू-कश्मीर में 750 मीटर लंबे झंडे के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। अरुणाचल प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी लोग ऐसी तिरंगा यात्राओं में शामिल हुए। पीएम ने एक से 30 सितंबर तक चलने वाले पोषण माह का जिक्र खास तौर पर किया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

लेबनान के हमले के बाद इजरायल का पलटवार, हिजबुल्ला के ठिकानों पर दागी मिसाइलें; नेतन्याहू ने कहा- देश के लिए कुछ भी करेंगे

यरुशलम। लेबनान के ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने रविवार सुबह इजरायल के सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया। हिजबुल्ला के दागे सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन इजरायल के आकाश में पहुंचे लेकिन इनमें से ज्यादातर को इजरायली डिफेंस सिस्टम ने नुकसान पहुंचाने से पहले ही नष्ट कर दिया। इसके बाद इजरायली वायुसेना ने 100 लड़ाकू विमानों से लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर जोरदार जवाबी हमला किया।

इस बमबारी में लेबनान में तीन लोगों के मारे जाने, कई के घायल होने और सैन्य उपकरणों के नष्ट होने की सूचना है।

इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि हमले की स्थिति में इजरायल की सुरक्षा की जाएगी। जगते और काम के लिए तैयार होते इजरायल पर सात अक्टूबर, 2023 के बाद रविवार को फिर से मिसाइलों और ड्रोन की बौछार हुई। इस दौरान इजरायली शहर और कस्बे सायरनों की आवाज से गूंज उठे और डरे-सहमे लोग घर के नजदीक बने भूमिगत ठिकानों में जा छिपे।

हिजबुल्ला ने लिया इजरायल से बदला

कई घंटे वहां रहने के बाद लोग वहां से निकले। इस दौरान हिजबुल्ला ने मिसाइलों और ड्रोन ने इजरायल के 11 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। इजरायली डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर मिसाइल और ड्रोन आकाश में ही नष्ट कर दिए लेकिन कुछ जाकर इजरायली ठिकानों से टकराए। इजरायल ने हिजबुल्ला के हमले से हुए नुकसान की जानकारी नहीं दी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'हिंदुस्तान का ऑर्डर आ चुका है', जाति जनगणना पर बोले राहुल गांधी- इसे कोई शक्ति नहीं रोक सकती

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति जनगणना की मांग पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जाति जनगणना को अब कोई शक्ति नहीं रोक सकती। राहुल ने यहां तक कहा कि मोदी जी, अगर आप जाति जनगणना को रोकने के बारे में सोच रहे हैं तो आप सपना देख रहे हैं।

दरअसल राहुल गांधी एक सर्वे का हवाला दे रहे थे, जिसके अनुसार 74 फीसदी लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना होनी ही चाहिए। इसे लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मोदी जी, अगर आप जाति जनगणना को रोकने के बारे में सोच रहे हैं तो आप सपना देख रहे हैं। कोई शक्ति अब इसे रोक नहीं सकती। हिंदुस्तान का आर्डर आ चुका है। जल्द ही 90 प्रतिशत भारतीय जाति जनगणना का समर्थन और मांग करेंगे। आर्डर अभी लागू कीजिए या आप अगले प्रधानमंत्री को ये करते देखेंगे।

कांग्रेस ने भी दोहराई मांग

इससे पहले कांग्रेस ने भी इसकी मांग दोहराते हुए सोशल मीडिया में एक पोस्ट में लिखा, हर बीतते वक्त के साथ जातिगत जनगणना की मांग बढ़ती जा रही हैं। अब 74 प्रतिशत लोगों का कहना है कि जातिगत जनगणना होनी ही चाहिए। समाज में किसकी कितनी आबादी है? इस सवाल के जवाब से ही सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है।

गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में 204.84 करोड़ के विकास कार्यो का किया लोकार्पण: 'पीपुल फॉर पीपल' कैंपेन की शुरुआत की

रायपुर (दावा)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा परिसर में ''पीपुल फॉर पीपल'' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग एवं स्मार्ट स्कूल सहित 204.84 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व राजेश मूणत, किरण देव, पुरंदर मिश्रा, इंद्रकुमार साहू, मोती लाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एक लाख पौधों का होगा रोपण

नवा रायपुर अटल नगर द्वारा ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत ''पीपुल फॉर पीपल'' कार्यक्रम में एक लाख से अधिक स्थानीय प्रजाति के बड़े पेड़ रोपे जाएंगे। वर्तमान में 21,000 से अधिक पीपल के वृक्ष लगाये जा चुके हैं। नवा रायपुर अटल नगर का लक्ष्य है कि शहर में किसी भी स्थान पर खड़े होने पर पीपल का वृक्ष दिखाई दे। पीपल के वृक्ष के संबंध में श्रीमद भगवद्गीता में भी भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि ''वृक्षों में मैं पीपल हूं।'' पीपल का वृक्ष 100 वर्षों से अधिक एवं 24 घण्टे जीवनदायिनी वायु प्रदान करने वाला वृक्ष है। कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं को जोड़ने एवं जन सुविधा हेतु मोबाईल एप के माध्यम से ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत ''पीपुल फॉर पीपल'' में वर्चुअल एडॉप्शन की सुविधा का उपयोग कर 2000 से ज्यादा जन सामान्य सहभागी भी बन चुके हैं।

रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग

नवा रायपुर अटल नगर से अन्य शहरों की कनेक्टीविटी के लिए बिछाई गई रेलवे लाईन में शहर के मध्य रेलवे स्टेशन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

बांग्लादेश में हसीना पर हत्या के चार नए मुकदमे दर्ज; पूर्व मंत्री गाजी गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार में शामिल रहे मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों की धरपकड़ और उनका उत्पीड़न जारी है। ताजा घटनाक्रम में शनिवार देर रात हसीना सरकार में कपड़ा और जूट मंत्री रहे गुलाम दस्तगीर गाजी को गिरफ्तार कर लिया गया। गाजी को ढाका स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

दिल्ली में भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक खत्म, जम्मू-कश्मीर के उम्मीदवारों पर हुई चर्चा; अगली मीटिंग 29 को

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक खत्म हो गई है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। इसके अलाव डॉ. जितेंद्र सिंह, सुधा यादव, इकबाल सिंह लालपुरा, सत्यनारायण जाटिया, सर्वानंद सोनवाल आदि नेता पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने 50 से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। अब अगली बैठक 29 अगस्त को होगी।

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी ने जारी की 13 उम्मीदवारों के नाम

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने विधानसभा चुनाव के लिए 13 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची रविवार को जारी कर दी। इससे गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस में जाने की अटकलों पर भी फिलहाल पूर्ण विराम लग गया है। पूर्व मंत्री अब्दुल मजीद वानी-डोडा पूर्व, पूर्व विधायक मोहम्मद आमिन भट-देवसर, पूर्व महाधिवक्ता मोहम्मद असलम गनी-भद्रवाह, डीडीसी सदस्य एडवोकेट सलीम पर्रे-डोरू, मुनीर अहमद मीर-लोलाब, डीडीसी सदस्य बिलाल अहमद देवा-अनंतनाग पूर्व से प्रत्याशी होंगे। इसके साथ ही गुलाम नबी वानी-राजपोरा, मीर अल्ताफ हुसैन-अनंतनाग, कैसर सुल्तान गनेई-गांदरबल, गुलाम नबी भट-ईदगाह, आमिर अहमद भट-खान्यार, निसार अहमद लोन-गुरेज, पीर बिलाल अहमद-हजरतबल से चुनाव लड़ेंगे।

आप ने जारी सात उम्मीदवारों की लिस्ट

इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने भी सात उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इसमें पुलवामा से फयाज अहमद सोफी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पाठकों को बधाई...

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

- सम्पादक

आज अवकाश

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आज दैनिक दावा कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 28 अगस्त 2024 को प्राप्त होगा।

- व्यवस्थापक

अशोका आई.टी.आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन 8 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

अंचल मे दो दिनों तक हलषष्ठी पूजन की रही धूम

हलधारी भगवान बलभद्र जयंती की बिखरी रही छटां, नए वस्त्र-परिधानों से सजी संतानवत महिलाओं ने की हलषष्ठी मैया की पूजा

राजनांदगांव (दावा)। भादो मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठमी तिथि को शहर सहित पूरे अंचल भर में हलषष्ठी व्रत-पूजन की धूम रही। संतानवती माताओं ने अपने बाल-बच्चों की लंबी आयु की कामना से हलषष्ठी के कठिन व्रत रखें और निर्जला व्रत धारण कर दोपहर पश्चात एक जगह एकत्रित होकर हलषष्ठी मैया की विधि- विधान से पूजा-अर्चना की।

बता दें कि इस बार अंचल में दो दिनों तक हलषष्ठी पूजन की धूम रही। इसके चलते शहर सहित पूरे जिले भर में जगह-जगह हलषष्ठी पूजन की छटा बिखरी रही। नये- नये वस्त्र-परिधानों में सजी- धजी माताएं-बहनों ने अपने संतानों की दीर्घायु की कामना से सगरी पूजन किया और पंडितों के मुख से हलषष्ठी मैया की कथाएं सुनी। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं वह बच्चों को उपस्थिति से माहौल धर्ममय व गुलजार बना रहा।

हलधर बलराम की जयंती

बता दें कि जिस दिन- तिथी को माताएं बहनों द्वारा अपने संतानों की लंबी आयु की कामना से हलषष्ठी व्रत किया जाता। उक्त दिवस ही शेषनाग के अवतार, भगवान श्री कृष्ण के बड़े भैया बलराम जी ने माता रोहणी के गर्भ से जन्म लिया था। इसके ठीक दो दिन बाद भाद्र पद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्री कृष्ण अवतरित हुए। भगवान बलराम कृषि संस्कृति के संपोषक माने जाते हैं। यही वजह है कि वे हमेशा कृषि कार्य में उपयोग में आने वाले हल को आयुध रुप में धारण किए रहते हैं। अतः कृषि प्रधान देश की माताएं-बहनें भगवान बलभद्र जी जैसे कृषि व्यवस्था के संपोषक, बलिष्ठ व दीर्धजीवी संतान की कामना से हलषष्ठी की कठिन व्रत रखती है और प्रकारांतर से भगवान श्री कृष्ण के बड़े भैया बलराम जी की पूजा-आराधना करती है।

छत्तीसगढ़ में इसे खम्हर छठ, बिहार में ललन छठ व यूपी में हर छठ कहा जाता है। लंलन य लला का मतलब बालक होता है वहीं यूपी में हल के अपभ्रंश में बने हर छठ भी हलधारी भगवान बलराम जी का ही बोध? कराता है। यही वजह है कि हलषष्ठी पूजन में जहां मिट्टी से बने गोलियां, नाव,नंदी बैल बच्चों के खिलौने उपयोग किए जाते हैं। वही कृषि संस्कृति के पेड़-पौधे, पर्वत सागर नदी प्रकृति पूजा के दृश्य इसमें नजर आते हैं। हल धारी भगवान बलराम के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए व्रती माताएं - बहनें जहां बगैर हल से जुते पसहर चांवल को प्रसादी रुप में ग्रहण करती है वहीं अपने बच्चों को बूरी नजर से बचाने व दीर्घायु की कामना से पूजा में उपयोग हल्दी लगे हुए कपास की पोती उसके पीठ पर मारती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह प्रकारांतर से हल षष्ठी के रूप में हलधारी भगवान बलराम की जयंती ही मनाना है। ताकि उनकी संतान शेषनाग अवतारी भगवान बलराम जैसे बलिष्ठ दीर्घजीवी व कृषि व्यवस्था के पोषक हो सके।

बाजार रहा गुलजार

बता दें कि इस बार हलषष्ठी व्रत दो दिनों तक होने के कारण शहर का बाजार गुलजार बना रहा।संतानों की दीर्घायु की कामना से रखे जाने वाले हलषष्ठी व्रत के लिए पूजन सामग्री व अन्य चीजों की खरीदी के लिए बाजार मे खासी भीड़ उमड़ी रही। शहर के जय स्तंभ चौक रोड, जुनी हटरी रोड, मुख्य मार्केट गोल बाजार, शनि मंदिर रोड सहित गंज चौक, हार्ट बाजार, नंदई चौक, महामाया चौक आदि जगहों से पूजन सामग्री की दुकाने दो दिनों तक सजी रही। वही हलवाई लाइन में स्टाल लगाकर बेचे जा रहे दूध-दही, घी सहित होटल रेस्टोरेंट में इसकी खासी डिमांड बनी रही। बाजार में हलषष्ठी व्रत समापन के दौरान प्रसाद सेवन के लिए पसहर चावल की भी खासी मांग बनी रही। बाजार में उपरोक्त स्थानों सहित चौक चौरोहों में भी पसहर चांवल बेचने वालों की दुकाने सजी हुई रही। जहां पसहर चांवल की डिमांड बढ़ते ही 20 रूपए गिलास अर्थात 200 रूपए किलो को पार कर ढाई से तीन सौ रूपए किलो तक बिका। वही बाजार में दोने-पत्तल व कासी फूल तथा सात प्रकार के भाजियां, मिट्टी की बनी गोलिया, नाव, पतवार व शिव लिंग सहित नंदी महराज लाई, महुआ, मटर, गेंहू दाना, जौ आदि सहित नारियल फल-फूल, मेवा-मिष्ठाने कभी बहुतायत में बिकी। इस बार शहर सहित पूरे अंचल भर में संतानवती माताएं अपने बाल-बच्चों की दीर्घायु व सौभाग्य की कामना से हलषष्ठी मैया पार्वती की पूजा अर्चना करती नजर आई इस दौरान पूजा स्थल में लोगों की उपस्थिति से रौनक बिखरी रहेगी।

एक पेड़ मां के नाम के तहत सेवा सहकारी समिति खुज्जी के कर्मचारियों ने किया वृक्षारोपण

खुज्जी (दावा)। हलषष्ठी के पावन पर्व पर सेवा सहकारी समिति खुज्जी के समिति प्रबंधक जितेंद्र कुमार यादव एवं समस्त कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम इस मुहिम के तहत वृक्षारोपण किया।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुरू हुआ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान गति पकड़ने लगा है. इस अभियान से न केवल संस्थाएं, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल बल्कि सामाजिक संगठन भी आगे आकर जुड़ने लगे है. पेड़ लंबे समय तक प्रदूषण मुक्त वातावरण की कुंजी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन प्रदान करने, हवा की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार हैं। इन सभी कारणों से वर्तमान परिदृश्य में वृक्षारोपण आवश्यक हो गया है क्योंकि प्रदूषण चरम पर है। कुछ हद तक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। पेड़ों के बिना, पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। पेड़-पौधे कई तरह से पर्यावरण को स्वस्थ रखने में बहुत योगदान देते हैं। इस दिशा में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्रयास करें और अपना योगदान दे।

पहला कॉलम...

अभियंता दिवस मनाने इंजीनियरों की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 15 सितंबर को अभियंता दिवस मनाने जिले के अभियंता परिवार की बैठक लोक निर्माण विभाग के न्यू सर्किट हाउस (रानीसागर) में संपन्न हुई। विगत दिवस जिला अभियंता संघ के अध्यक्ष राजशेखर मेश्राम के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमें अभियंता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अभियंताओं को अलग-अलग जवाबदारी सौपी गई। बैठक में इंजीनियर राजशेखर मेश्राम के साथ समस्त इंजीनियर उपस्थित थे।

हलषष्ठी पर माताओं ने रखा व्रत

राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव में वार्ड की महिलाओं ने हलषष्ठी पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया वार्ड के विभिन्न मोहल्लो में महिलाओं के छठ माता की पूजा अर्चना कर कथा का रस पान किया। हलषष्ठी पर्व पर वार्ड की माताओं ने संतान की लंबी आयु और जीवन में सफलता के लिए उपवास रखा। दोपहर के बाद वार्ड के अनेक माहल्ले, शंकरनगर, दीवानटोला, अम्बेडकर चौक, संगम चौक, भाटापारा अन्य स्थानों पर महिलाओं के हलषष्ठी माता मी पूजा किये संध्या के बाद माताओं के बच्चें की पीठ पर पोती लगायां और प्रसाद के रूप में लाई खाने दिया।

दुष्यंत पाद्रे ने डोंगरगढ़ का नाम किया रौशन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट-3 कूड़ो प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग जिले के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में 20 से 23 अगस्त के बीच किया गया। जिसमें राज्य के 18 जिलों के 360 खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट में अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें डोंगरगढ़ के दुष्यंत पाद्रे ने कोच मुकेश साहू की अगुवाई में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम रेंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उनके इस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के चलते उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर मार्शल आर्ट में किया गया है। दुष्यंत पंद्रे पिता हेरसिंग पंद्रे, माता सुनीता पंद्रे ने डोंगरगढ़ के साथ-साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया। उनके इस उपलब्धि पर गांव के सरपंच मनीषा नेताम, चुमनदास साहू जिला महामंत्री कांग्रेस एवं जनप्रतिनिधियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पुलिस द्वारा तीनों जिले के 103 प्रकरणों में 6 करोड़ से अधिक गांजा का किया विनष्टीकरण

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस द्वारा नांदगांव रेंज के जिला राजनांदगांव/कबीरधाम/खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई/मोहला-मानपुर-अं.चौकी के कुल 103 प्रकरणों के 6564.095 कि.ग्रा. से अधिक का गांजा का विनष्टीकरण किया गया। वहीं 6 करोड़ से अधिक रकम की मादक पदार्थों एवं नशीली दवाईयों को पुलिस द्वारा नष्ट किया गया।

बता दें कि पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के द्वारा राजनांदगांव रेंज अन्तर्गत जिलों में जप्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी गठित की गई है, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव को अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव/कबीरधाम को सदस्य मनोनित किया गया है। बताया जाता है कि 23 एवं 24 अगस्त को दीपक कुमार झा पुलिस महानिरीक्षक, अध्यक्ष ड्रग डिस्पोजल कमेटी राजनांदगांव रेंज की अध्यक्षता में थाना सोमनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सांकरा में स्थित एम/एस, एम जी रिक्लेम्स के भस्मीकरण यंत्र में रेंज के जिलों के कुल 6564.095 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) को जलाकर व अन्य नशीली दवाईयों (कैप्सूल 2830 नग, टेबलेट 169 नग एवं इंजेक्शन 1672 नग को प्लांट के पास जेसीबी से गड्ढा खोदकर एवं दबाकर पाट कर विधिवत् नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। इसमें राजनांदगांव रेंज के कुल 103 प्रकरणों में से जिला राजनांदगांव के 15 प्रकरण जिसमें 2160.625 किलोग्राम गांजा, जिला कबीरधाम के 61 प्रकरण जिसमें 3812.23 किलोग्राम गांजा, 101 नग टेबलेट, 1672 नग इंजेक्शन, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के 21 प्रकरणों में 571.38 किलोग्राम, 2830 नग कैप्सूल व 68 नग टेबलेट तथा जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के 06 प्रकरणों में 19.86 किलोग्राम गांजा जिनकी कुल कीमत करीबन 06 करोड 77 लाख रूपये थी। इस नष्टीकरण कार्यवाही के दौरान दीपक कुमार झा पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक, डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, देवचरण पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अं. चौकी, अजीत ओग्रे उप पुलिस अधीक्षक नक्स. ऑप्स राजनांदगांव, तनुप्रिया ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक अजाक, सिद्धार्थ सिंह चौहान प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, प्रभारी रसानज्ञ क्षेत्रीय कार्यालय छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई सहित जिला राजनांदगांव/कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई/मोहला-मानपुर, अं. चौकी के पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

शहर कांग्रेस ने मनाया अपने युवा नेता का जन्मदिन

भरकापारा में बाजे बैंड कटा केक

राजनांदगांव (दावा)। शहर कांग्रेस ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने लोकप्रिय व युवा नेता दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।

24 अगस्त को उनके जन्मदिन के अवसर पर भरकापारा स्थित अंबेडकर भवन एवं अंबेडकर प्रतिमा के सामने रात्रि 9 बजे आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में उत्साहित कांग्रेसजनों ने श्री जैन को दीर्घायु एवं स्वस्थ बने रहने की शुभकामनाएं दी। गुलदस्ता तथा अन्य उपहार सामग्रियों का आदान प्राप्त कर श्री जैन ने सभी आगंतुकों को हृदय से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मनीष सोनपिपरे महामंत्री, मनीष सिमनकर, महेश अग्रवाल, जिनेश सिमनकर, प्रशांत वासनिक, लक्की रामटेके, विष्णु सिन्हा, जितेंद्र शर्मा, दिन बंधु रामटेके, प्रतिमा वासनिक, हेमंत सोनपिपरे, सोनू समरित, मोहन चुनूरकर, संजय बोरकर, जयप्रकाश गोसाई सहित शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

किसान नेता अशोक चौधरी ने किसानों को दी सामयिक सलाह

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि कृषि कार्यों में छीटने वाले दवाइयां को कृषि वैज्ञानिकों ने खेत की मिट्टी खराब ना हो उसके हिसाब से अनुसंधान करके बनाया है। इसलिए किसान भाइयों को ध्यान रखना चाहिए कि किसी प्रकार की दवाइयां को छिड़काव करने के लिए उपयोग में लाने वाला पानी साफ होना चाहिए।

यदि आप खेत या नालों के पानी को उपयोग में लाते हैं तो दवाइयां मटमैलेपानी के संपर्क में आते हैं अपना प्रभाव खत्म कर लेती है और दवाईयों का असर वहीं पर समाप्त हो जाता है इसलिए चाहे खरपतवार नासि हो अथवा तना छेदक की दवाई हो या पौधों में ग्रोथ लाने की दवाई हो सभी प्रकार के छिड़काव में बोरिंग अथवा कुएं का साफ पानी उपयोग में लाकर फसल की संभावित नुकसान से अपना बचाव कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार फसल की बुवाई और रोपाई के समय डीएपी 52 किलो एवं पोटाश 27 किलो का उपयोग एक बार में ही करना चाहिए लेकिन मैंने अपने खेत में डीएपी एक मुश्त डालता हूं और पोटाश को पौधे के बीस दिन होने के बाद 15 किलो छींट कर उसके तीसरे दिन यूरिया का छिड़काव करता हूं इससे मेरे पौधे में कोई भी कीट व्याधि का प्रकोप नहीं होता इसका कारण है की पोटाश से पौधा कड़ा और कड़वा होता है यूरिया पौधे को नरम और मीठा बनता है पोटाश पहले छीटने के कारण यूरिया पौधों को बहुत नरम और मीठा नहीं बन पाता इससे कीट व्याधि को पौधे में बढ़ाने का वातावरण नहीं मिल पाता है बचत का 12 किलो पोटाश दूसरी बार यूरिया छीटने के पहले छिड़काव करते हैं पोटाश छीटने के 2 दिन बाद यूरिया का छिड़काव करके अपने फसल को कीट व्याधि मुक्त बनाना चाहिए यह मेरा व्यक्तिगत प्रयोग है मेरे खेत में पिछले 10 वर्षों से किसी प्रकार का पेस्टिसाइड नहीं छीटना पड़ा है किसान भाई एक बार इसका प्रयोग करके देख सकते हैं।

भामसं केवल मजदूरों के लिये नहीं समाज के लिये भी संघर्ष करता है- एम.डी.ठाकुर

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ देश में इन दिनों अपनी स्थापना का 70वॉं वर्ष मना रहा है, इस दौरान सालभर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। आयोजनों की इस कड़ी में आज 25 अगस्त को पर्यावरण पर प्रबोधन का कार्यक्रम जिला भामसं की ओर से स्थानीय महावीर चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सभागार में आयोजित किया गया।

भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में आयोजन की जानकारी देते हुये बताया कि प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रसिद्ध आदिवासी नेता व सामाजिक कार्यकर्ता एम.डी. ठाकुर ने कहा कि मजदूर संगठनों में केवल भारतीय मजदूर संघ ही एकमात्र ऐसा श्रम संगठन है, जो केवल मजदूरों के आर्थिक हितों की चिंता ही नहीं करता बल्कि समय व जरूरत के हिसाब से देश व समाज के लिये भी संघर्ष करता है। पर्यावरण पर प्रबोधन भामसं का इसी दिशा में किये जाने वाला कार्य है। पर्यावरण आज समूचे विश्व के लिये एक गंभीर संकट बना हुआ है, ग्लोबल वार्मिंग से जलवायु परिवर्तन का गंभीर खतरा सम्पूर्ण मानव जाति के सम्मुख दस्तक दे रहा है। गर्मी से लेकर बरसात और ठंड सारे मौसम दिनों-दिन बिगड़ते जा रहे है, जहॉं बरसात हो रही है वहॉं इतना ज्यादा पानी गिर रहा है कि लोग बाढ़ में डूब रहे जबकि दूसरे क्षेत्र में आकाल की स्थिति उत्पन्न हो रही है, यही हॉंल गर्मी व ठंड का हो गया है। इन सबसे बचने का सरल व सहज उपाय यही है कि हम सबमिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाये, वृक्षों का सम्मान करे, उनका संवर्धन करे और मानव जाति के सम्मुख आये गंभीर खतरे से पूरे संसार को निजात दिलायें।

प्रबोधन कार्यक्रम की शुरूआत करते हुये भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ केवल मजदूरों के आर्थिक विकास की ही चिंता नहीं करता बल्कि उनके सामाजिक जीवन में आने वाले हर बदलाव को देखकर कार्य करता है। पर्यावरण पर प्रबोधन इसी दृष्टि से किये जाने वाला कार्यक्रम है। आगामी 28 अगस्त को भामसं पर्यावरण दिवस मनायेगा, इस दिन सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर उनके संवर्धन की शपथ लेंगे ताकि विश्वव्यापी जलवायु परिवर्तन के संकट को समाप्त किया जा सकें। भारतीय मजदूर संघ अपने स्थापना के 70वें वर्ष में वर्षभर अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगा ताकि संगठन का विस्तार एक-एक मजदूरों तक हो सकें।

भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, संचालन जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन पुहुपदास साहू ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हमाल संघ के केशव सिन्हा, कुशल यादव, बहलराम साहू, गौतरिहा डहरे, शत्रु राम, पोदास सार्वा, गोपालदास साहू, जयप्रकाश, पुनाराम, दुकालू कौशिक, हेमंत साहू, चन्द्रकिशन यादव, खेमचंद साहू, पुनाराम वर्मा, श्रीमती धनेश्वरी साहू व महिला प्रमुख भारती शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रारंभ में भारतमाता, भगवान विश्वकर्मा व भामसं के संस्थापक दंतोपंत ठेंगड़ी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया फिर मुख्य अतिथि एम.डी.ठाकुर का कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गजानंद मिश्रा ने अंगवस्त्र से स्वागत किया इसके बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

दुष्कर्म का फरार पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती किया दुष्कर्म किया करता था।

इस संबंध में पीड़िता द्वारा 30 जून को रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर कि आरोपी उसे प्रेम जाल मे फंसा कर शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा । वहीं शादी करने के लिए टालमटोल करता रहा और शादी न कर धोखा देकर फरार हो गया था। इस पर चिखली चौकी पुलिस ने धारा सदर 376,376(2)(द) भार्दवि अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। चिखली पुलिस टीम को आरोपी के कांकेर क्षेत्र में छिपने की सूचना पर कांकेर क्षेत्र में पतासाजी कर दबिश दी गयी और घेराबंदी कर आरोपी हिमांषु देवांगन पिता राजेश कुमार देवांगन उम्र 30 साल निवासी शिक्षकनगर वार्ड नं. 13 को अभिरक्षा में लेकर लाया गया।

बाद पूछताछ कर अपराध स्वीकार करने व पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कर दिया गया है। अभियान मे पूर्व के आदतन चोर आरोपी अनमोल मुदलियार उर्फ सोनू पिता स्व. रोशन मुदलियार उम्र 25 साल साकिन स्टेशनपारा वार्ड नं. 07 मुदलियार कालोनी ओव्हरब्रिज के पास पुलिस चौकी चिखली वर्ष 2020 से फरार था जिसके विरूद्ध माननीय न्यायालय से बेम्यादी वारंट जारी किया गया था आरोपी वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नरेश कुमार बंजारे, सउनि इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक समारु सर्पा, आरक्षक मनोज जैन, अभिषेक बघेल, महिला आरक्षक सुल्ताना बेगम सायबर सेल आरक्षक आदित्य सिंह का महत्वपूर्ण सराहनीय भूमिका रहा है।

योगेश्वर श्रीकृष्ण ही परम ईश्वर- डॉ.द्विवेदी

राजनांदगांव(दावा)। अखिल विश्व की अद्वितीय सनातन संस्कृति परंपरा में परमपूर्ण अवतारी कर्मयोगी श्रीकृष्ण के शुभ मंगल जन्माष्टमी पर्व के अतीव महत्वा परिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति विज्ञ, विचार चिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि समग्र रूप में श्रीकृष्ण ही परम ईश्वर है। जगत में जो कुछ आज विद्यमान है उस सबके अनंत श्रोत है।

वर्तमान में जो कुछ है, अतीत में जो कुछ था और भविष्य में जो कुछ होगा उस सबके मूल में श्रीकृष्ण है एवं होंगे। वस्तुतः परमेश्वर श्रीकृष्ण विराट है, असीम है और अनंत है। अनेक नामों से संबोधित होने वाले श्रीकृष्ण एकेश्वर हैं। परमपूर्ण पुरूष श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व-कृतित्व अतिशय विशाल और व्यापक है। वे एक साथ नीति मर्मज्ञ, कर्मयोग के महाप्रवर्तक, धर्म प्रतिपादक, सबरसों की खान भक्ति के सूर्य है तथा प्रकृति-धरनी व नारी के संरक्षक भी है। अनीति-अधर्म के विध्वंसक श्रीकृष्ण राष्ट्रनीति के श्रेष्ठ प्रवर्तक और विश्व कल्याणी सनातन संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ उन्नायक तथा पुण्यात्म वैदिक तत्व दर्शन के अजस्त्र प्रवाह श्रोत और मानव सभ्यता के सर्वश्रेष्ठ संवर्धक है।

डॉ. द्विवेदी ने आगे विशेष रूप से बताया कि देश-धरती में लोक चेतना के सहज-सरस मधुरम स्वर श्रीकृष्ण ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्ति योग के महासमन्वयक तथा राजयोग के अधिष्ठाता है। प्रेम के परमादर्श, मित्रता के प्रतिमान गौपालक बंशी - बजैया, योगेश्वर श्रीकृष्ण गुरूओं के गुरू, जगत गुरू है। आइये जन्माष्टमी के पुण्यात्म पावन पर्व पर मनषा-वाचा-कर्मणा से श्रीकृष्ण का नमन करें तथा उनकी परमवाणी भगवतगीता के संदेश के धारण करें। यही जन्माष्टमी पर्व का श्रेष्ठ, सार्थक जन-जन को संदेश है।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत संगीत से भरपूर
जवानी जिंदाबाद
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - आकाश सोनी, सुमन पटनायक, लक्षित झांकी, ज्योत्सना, पुरन किरी, संजय महानंद, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजनी चौहान आदि
आगामी ता. 30 से
संघर्ष एक जंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी जगह-जगह होंगे विविध आयोजन, पर्व की रहेगी धूम

भगवान श्री कृष्ण के वस्त्राभूषण व पूजा सामग्री को लेकर सजा बाजार

राजनांदगांव (दावा)। भादोमास के कृष्ण पक्ष की अष्ठमी तिथि को आज शहर सहित पूरे अंचल भर में भगवान श्री कृष्ण जन्म का पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हिन्दूओं के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण जन्म की खुशियां चहूं ओर बिखरी रहेगी।

आज सोमवार 26 अगस्त को तत्कालीन समय में खंड-खंड में बंटे जम्बू दीपम, आर्यावर्ते, भरत खंडे को कुरूक्षेत्र के 18 दिनों के युद्ध में महाभारत बनाने वाले भगवान श्री कृष्ण घर-घर में पूजे जाएंगे। इस दौरान गोविंद आला रे, जय यादव... जय माधव... हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की... की गूंज चारों ओर सुनाई देगी। माखन चोर नंद किशोर भगवान श्री कृष्ण की जगह-जगह पूजा अर्चना होगी। लोगों में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का उल्लास बना रहेगा। इस दौरान जगह-जगह श्री कृष्ण जन्म से संबंधित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। भजन-कीर्तन से लेकर मंदिर देवालयों में पूजा-पाठ महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

शहर में यादव समाज द्वारा बाजे-गाजे के साथ एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियों वाली भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी यात्रा, शोभायात्रा निकाली जाएगी।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बिखरेगी छटां

आज शहर सहित पूरे अंचल भर में भगवान श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां बिखरी रहेगी। शहर में एक दिन पूर्व सर्व यादव समाज द्वारा धूमधाम के साथ बाइक रैली निकाली गई। शहर यादव समाज के अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि स्टेट हाईस्कूल से निकली समाज के युवाओं की बाइक रैली का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ। इस दौरान धर्म ध्वजा लहराते हुए समाज के युवाओं व युवतियों ने जय यादव, जय माधव के नारे लगाए और समाज के आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण जन्म की खुशिया प्रकट की।

इसी तरह श्री कृष्ण भक्त विजय पुरोहित ने बताया आज के ही दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म माता देवकी के गर्भ से कंस के कारागार में हुआ था। उनका जन्म अनीति-अत्याचार व आबंक के विरूद्ध जनमानस को सजग करने व उपरोक्त पीड़ा से उन्हें मुक्ति दिलाने के लिए हुआ था। शहर के कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व आकर्षण ढंग से सजाया गया है। यहां आज 26 अगस्त को भक्तों द्वारा सुबह 7 बजे से मध्य रात्रि तक भगवान श्रीकृष्ण का अलौकिक श्रृंगार का दर्शन किया जा सकेगा। वहीं रात में 8 बजे भगवान श्रीकृष्ण के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति व मध्य रात्रि से भगवान श्री कृष्ण जन्म अवसर पर भव्य पूजा आरती की जाएगी। इसी तरह शहर के सनसिटी में भी धूमधाम के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। यहां दोपहर 56 भोग प्रसादी की तैयारी पश्चात कृष्ण-कन्हैया की स्थापना व 7 बजे आरती- पूजा का कार्यक्रम आयोजित किये गये।

श्री कृष्ण की आकर्षक प्रतिमाएं

बता दें की पिछले तीन-चार दिनों से भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर शहर का बाजार गुलजार बना हुआ है। चौक-चौराहों से लेकर भगवान श्री के वस्त्राभूषण, मोर मुकुट, बंशी व पूजा-सामग्रियों से पूरा बाजार सजा पड़ा है। आजाद चौक, जूनी हटरी, शनि मंदिर रोड, गोल बाजार, मानव मंदिर चौक व अन्य स्थानों में उक्त सामानों की जमकर खरीदारी हो रही है। वही पूजा-सामग्रियों सहित फल-फूल मेवा मिष्ठान भी जमकर खरीदे जा रहे है। बाजार में भगवान श्री कृष्ण की मनोहारी मूर्तियां देखने मिली। शनि मंदिर रोड में वासुदेव पेंटर के अलावा वह अन्य जगहों सहित सिनेमा लाईन में भगवान श्री कृष्ण की छोटी बड़ी मूर्तियां उपलब्ध है। यादव समाज द्वारा अपने-अपने वार्ड- मुहल्ले से श्री कृष्ण सखा बाल-गोपाल सहित आकर्षक झांकियां वाली रैली व शोभायात्रा यात्रा निकाली जाएगी। इसके महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के समीप एकत्रित होने के उपरांत सांहड़ा देव पूजन कर शहर में धूमधाम के साथ भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राउत नाचा सहित अन्य लोकरंगी कार्यक्रमों की छटां देखते ही बनेगी।

डॉ. प्रमोद गुप्ता ने जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल में वर्कशाप ली

राजनांदगाव (दावा)। गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु प्रसिद्ध डॉक्टर जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक डॉक्टर प्रमोद गुप्ता ने किशोरावस्था की समस्याओं, मोबाइल उपयोग और भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर विद्यार्थियों को संबोधित किया. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा और शाला के आशीर्वादक लाल शंकर बहादुर सिंह एवं संस्थापक श्री जेबी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। डॉक्टर प्रमोद गुप्ता ने विद्यार्थियों को किशोरावस्था की समस्याओं और मोबाइल उपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और भावनात्मक बुद्धिमत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में कई समस्याएं होती हैं जिनके बारे में हमें पता है लेकिन जागरूक नहीं हैं। इन विषयों पर चर्चा से ही निदान संभव है। डॉक्टर साहब ने विद्यार्थियों को जागरूक करने और समस्याओं का सामना करने के लिए प्रेरित किया। सभी विषयों पर डॉक्टर साहब ने छात्रों को बहुत ही सहजता से समझाया व कुछ बच्चों से आज के विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे और बच्चों की मन की प्रतिक्रिया को जाना और उनके उत्तर जानने के बाद उन्होंने उस विषय की सभी समस्याओं का छात्रों को निष्कर्ष समझाया । डॉक्टर साहब की बातों को छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे थे।

कार्यक्रम की प्रभारी सुश्री तृप्ति मेश्राम एवं संयोजिका सुश्री रुचि तिवारी रहीं। इसी कड़ी में शाला की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जेबी सिंह, निदेशक संजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, अकैडमीक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के.वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या एकता खंडेलवाल, उपप्राचार्य ममता मिश्रा, एचएम सरिता सिंह एवं सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने डॉक्टर प्रमोद गुप्ता को धन्यवाद किया कि उन्होंने छात्रों व वहां पर उपस्थित सभी लोगों को ज्ञान पूर्ण बातें बताई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को किशोरावस्था की समस्याओं से निपटने के लिए जागरूक करना और उन्हें भावनात्मक बुद्धिमत्ता के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। डॉक्टर प्रमोद गुप्ता का यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हुआ।

राजीव फैंस क्लब द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता में एपीएस रामाटोला के बच्चों ने मचाई धूम

डोंगरगढ़ (दावा)। राजीव फैंस क्लब के तत्वाधान में आयोजित हुई नृत्य और गायन प्रतियोगिता में रामाटोला स्थित अज़ीज़ पब्लिक स्कूल के बच्चों जबरदस्त प्रदर्शन किया।देशभक्ति के विषय पर केंद्रित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के डांस ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और गायन टीम के नन्हें विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

इसका श्रेय डांस शिक्षिका वर्षा नायडू और म्यूजिक शिक्षक मुकेश मानिकपुरी को जाता हैं। अगले दिन विद्यालय में उप-प्रधानाचार्य तन्मय शर्मा और अन्य शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का सम्मान हुआ। ताकि बाकी विद्यार्थी भी उनसे प्रेरित हो और अपने टैलेंट को तराशकर, अपना और विद्यालय का नाम रौशन करें। आईबी ग्रुप के डायरेक्ट तनाज़ जिशान अली, स्कूल प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर एवं स्कूल प्रशासन ने भी सभी को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

डॉ. रमन की अनुशंसा पर वार्ड नं. 16 में मिली 22 लाख के विकास एवं निर्माण कार्यो हेतु स्वीकृति

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने किया वार्ड नंबर 16 में विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन

ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में पूर्व सांसद मधु ने देखा मन की बात का लाईव प्रसारण

राजनांदगांव (दावा)। शहर के ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत कार्यकर्ताओं व वार्डवसियों के समक्ष पूर्व सांसद मधुसूदन ने विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। ज्ञातव्य है कि डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव की अनुशंसा पर वार्ड नं.16 अंतर्गत 22 लाख रू. से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है।

इन कार्यो में प्रमुख रूप से अधोसंरचना मद से वार्ड में नाली निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रू. की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसके अलावा, शेड निर्माण कार्य हेतु ढ़ाई लाख रूपये की राशि विधायक निधि मद से प्राप्त हुई हैं। उक्त दोनों निर्माण कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम को पूर्व सांसद मधुसूदन ने अपने करकमलों से संपन्न किया। इस दौरान पूर्व सांसद मधु ने वार्डवासियों के साथ वार्ड में स्थित श्रीराम मंदिर में पहुँचकर पूजा-अर्चना की एवं वार्डवासियों के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा। यह लाईव प्रसारण लेबर कॉलोनी गली नं. 01 में संचालित अपना किराया भंडार के प्रांगण में सुना एवं देखा गया।

ठाकुर प्यारेलाल वार्ड अंतर्गत आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम एवं मन की बात के लाईव प्रसारण के दौरान पूर्व सांसद के साथ किसुन यदु नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, पार्षद पारस वर्मा, पार्षद गगन आईच, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा, बूथ अध्यक्षद्वय समीर श्रीवास्तव एवं संतोष वर्मा, स्थानीय भाजपा नेतागण नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, सेवक उईके, अरूण दामले, संतोष सिंह, सतीश रेवतकर, अखिलेश श्रीवास्तव, प्रकाश हरिहारनो, महिला नेत्रीगण सुधा पवार, दुर्गा राणा, पुष्पा ठाकुर, संगीता मिश्रा, प्रमिला वर्मा, वित्री श्रीवास्तव सहित अन्य वार्डवासीगण पूर्व सांसद के साथ मौजूद रहे। आयोजन के अंत में वार्डवासियों ने दोनो विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति हेतु डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन को धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शित किया।

मो. अकबर को खुमरी पहनाकर कर हफीज ने अपने साथियों के साथ दी जन्मदिन की बधाई

राजनांदगांव (दावा)। रायपुर कचहरी चौक पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसी एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य अनिल जैन के साथ अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान अपने समर्थकों के साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री व परिवहन एवं विधि विभाग और राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर को जन्मदिन की बधाई देने के लिए उनके कार्यालय पहुंचकर आतिशबाजी करते हुए फूलों की बारिश किया गया। इससे पहले पार्री नाला में हजरत सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्ला अलैयह की दरगाह शरीफ में चादर चढ़ाकर दीर्घायु के लिए दुआ मांगी।

पार्री नाला दरगाह में चादर चढ़ाकर दीर्धायु के लिए मांगी दुआ

तत्पश्चात अपने समर्थकों के साथ कचहरी चौक रायपुर उनके कार्यालय पहुंचकर भव्य आतिशबाजी कर फूलों की बारिश कर यादव समाज की परंपराओं के अनुसार खुमरी पहनाकर और महिलाओं द्वारा आरती उतारकर तिलक लगाकर केक काटा गया।

इस दौरान हफीज खान के साथ नगर निगम लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष मधुकर बंजारे, वरिष्ठ सभापति समद खान, कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, यादव समाज के युवा अध्यक्ष हरीश यादव, भोला यादव, नीरेंद्र यादव, विजय यादव, रुबिन जान, गणेश यादव, नरेंद्र सुलाखे, सतीश लाल, जाकिर खान, यासीन खान, बंसी साहू, राजकुमार, असलम, निर्मला यादव, राम बाई, सुनीता बाई, संध्या बाई, रुक्मणी बाई, सावित्री बाई, जिवेन्द्र कुंजाम, गोपी सिन्हा, हेमंत प्रताप सिंह, जनक साहू, झलक साहू, पुन्नू यादव, रफीक, शंकर लाल कनौजिया, कदीर, राजू, फिरोज, टीकम यादव, सलीम, प्रकाश रामटेक, बिलाल, संतोष यादव, अजहरुद्दीन, गुड़वा रामटेके, रिंकू, सुशील लीगस्टेन, विनोद, ताहिर अली, तौफीक, सुरेंद्र कुमार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

गायत्री शक्तिपीठ में जन्माष्टमी

राजनांदगांव (दावा)। आज भादो मास की अष्टमी तिथि को स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूजा-अनुष्ठान के साथ मनाया जाएगा। शक्तिपीठ के ट्रस्टी सूर्यकांत चितलागया व बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि सोमवार को रात्रि साढ़े आठ बजे से भगवान श्री कृष्ण की पूजा आरंभ होगी। व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने इस अवसर पर समस्त गायत्री परिजनों को पूजा कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

शराब पिलाने की सुविधा प्रदान कराने वाले ढाबा संचालक पर की गई कार्रवाई

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस ने ग्राम ढारा स्थित वर्मा ढाबा में रामावतार वर्मा को लोगों को शराब पीलाने की सुविधा उपलब्ध करने के आरोप में रंगे हाथ पकड़कर प्रकरण बनाया गया। ग्राम ढारा वर्मा होटल में दबिश देने पर शराब पीने वाले पुलिस पार्टी को देखकर भाग गये।

मौके पर वर्मा ढाबा का संचालक रामावतार वर्मा उपस्थित मिला। जिसे धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने के संबंध में पूछने पर कोई दस्तावेज नहीं होने पर रामावतार वर्मा का कृत्य धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट का पाये जाने से ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने में प्रयुक्त सामग्री गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। इसी तरह मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम करेला के मिलन ढाबा में विक्की रजक पर लोगों को शराब पीलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के आरोप में कार्रवाई की है। ग्राम करेला मिलन ढाबा पर पुलिस द्वारा दबिश देने पर शराब पीने वाले पुलिस पार्टी को देखकर भाग गये।

मौके पर मिलन ढाबा का संचालक विक्की रजक उपस्थित मिला जिसे धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर ढाबा में अवैध रूप से शराब पीलाने के संबंध में पुंछने पर कोई दस्तावेज नही होना लेख कर देने पर विक्की रजक का कृत्य अपराध धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट का पाये जाने से ढाबा में अवैध रूप से शराब पीलाने में प्रयुक्त सामग्री गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। दोनों मामले में जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

दुर्ग संभाग के बालक बालिकाओं ने तीनों वर्ग में जीत दर्ज की

24वीं राज्यस्तरीय शालेय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के तत्वधान में आयोजित 24वीं राज्यस्तरीय शालेय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज आठ मैच खेले गए।

अंतरष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में जिला शिक्षा विभाग व छत्तीसगढ़ हॉकी के निगरानी में आयोजित हो रही स्पर्धा के पहले मैच में अंडर 17 बालक वर्ग का सरगुजा विरुद्ध दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें हॉकी दुर्ग ने अपने अच्छे खेल का परिचय देते हुए सरगुजा को 3 गोल से पराजित किया वंही आज का दूसरा मैच अंडर 17 बालिका वर्ग में हॉकी दुर्ग और हॉकी सरगुजा के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में 2-2 गोल की बराबरी पर रही तीसरे मैच में अंडर 15 बालक वर्ग में दुर्ग ने सरगुजा को 4-1 गोल से पराजित किया चौथे मैच में अंडर 17 बालक वर्ग के मैच में बिलासपुर ने रायपुर को 3-0 गोल से पराजित किया पांचवे मैच में अंडर 17 बालिका वर्ग में रायपुर ने रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर को 3-2 गोलो से पराजित किया वंही अपरान्ह में खेले गये।

छठवाँ मैच अंडर 15 बालक वर्ग में एकतरफा मुकाबले में बिलासपुर को 8-0 गोल पराजित किया सातवें मैच में अंडर 17 बालिका बस्तर और सरगुजा 1-1 गोल की बराबरी पर रही आंठवा मैच अंडर 15 बालक वर्ग में खेले गए मैच में बस्तर ने सरगुजा को 2-0 गोल से पराजित किया मैच के पूर्व उपस्थित अतिथियों ने मैदान की बीच पहुँचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी।

आयुष्मान कार्ड बनाना हुआ आसान...

मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से हितग्राही स्वयं बना सकते हैं, अपना व अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए पात्र राशन कार्डधारी हितग्राही अनुसार निर्धारित लक्ष्य 9 लाख 39 हजार 886 में से 8 लाख 73 हजार 712 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 92.95 प्रतिशत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष 66,174 पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा अपने व अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन आसानी से किये जाने की पूरी प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। जिला प्रबंधक सीएससी आशीष स्वर्णकार एवं रवि सोनी को जिले में आयुष्मान कार्ड के पंजीयन के लिए शेष हितग्राहियों की ग्रामवार व वार्डवार मोबाईल नम्बर सहित सूची प्रदान कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पंजीकृत शासकीय व निजी चिकित्सालयों में योजनांतर्गत निःशुल्क ईलाज प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में ई-डीएम चिप्स सौरभ मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत ऐश्वर्य साव, नगर निगम राजनांदगांव से घनश्याम देवांगन, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से कमलेश देवांगन, नगर पंचायत डोंगरगांव से नरेन्द्र मेश्राम, महिला बाल विकास विभाग से महेश साहू सहित राजनांदगांव जिला अंतर्गत संचालित आधार सेवा केन्द्र, च्वॉइस सेंटर के संचालक व व्हीएलई उपस्थित थे।

शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला व प्रशिक्षण का आयोजन

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना

आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतरू निःशुल्क हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना आवश्यक है। परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा, परिवार के समस्त सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, आधार सेवा केन्द्रों व च्वॉइस सेंटरों में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बना सकते है। ऐसे हितग्राही जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ हैं, वह वर्तमान मोबाईल नम्बर, अंगुठे का निशान एवं वर्तमान फोटो इत्यादि के परिजनों से अनुरोध हैं कि आधार कार्ड अपडेट करवाने हेतु नजदीकी के च्वॉइस सेंटर में जाकर तुरंत आधार कार्ड अपडेट कराएं, जिससे भविष्य में आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा सके।

राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी च्वॉईस सेंटर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर, एवं पुराना अस्पताल गुरुद्वारा चौक में भी आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जा सकता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपए एवं शेष परिवार अर्थात एपीएल परिवारों को शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 50 हजार रूपए तक का लाभ योजना के दिशा-निर्देशानुसार योजनांतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत प्रात्रतानुसार ईलाज के दौरान बीमा राशि खत्म होने के उपरांत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंर्तगत 25 लाख रूपए तक आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 104 पर या निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में संपर्क किया जा सकता हैं।

अनमोल दावा

> व्यक्ति जो चाहे बन सकता है यदि वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर लगातार चिंतन करें।

अमन की राह में भारत के कदम, रूस के बाद यूक्रेन की यात्रा के पीछे पीएम मोदी का बड़ा संदेश

भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से स्वाभाविक ही सबको काफी उम्मीदें थीं। खुद प्रधानमंत्री भी वहां रवाना होने से पहले काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए।

अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता।

यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं।

पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे।

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। दोनों में से कोई, किसी भी रूप में झुकने को तैयार नजर नहीं आता। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे कठिन सवाल है। भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।

प्रतिकूल परिस्थिति में जन्मे श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण का बाल्यावस्था में पदार्पण समूचे संसार के लिए एक संदेशपरक आम बचपन का प्रतीक रहा। गोकुल के घरों से सखाओं के साथ कृष्ण का माखन चुराना सुदृढ़ बालमित्रता का धोतक है। उसने बताया कि मित्रता सबसे समीपस्थ सांसारिक नाता है जिसमें छल, ईर्ष्या-द्वेष, घमंड, बैर जैसे अमानवीय दुर्गुणों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। यमुना तट पर सखाओं के साथ कृष्ण के कंदूक-क्रीडा में स्नेह, एकता, सहयोग, भ्रातृत्व जैसे मानवीय सद्गुण देखने को मिलता है। फिर खोई हुई कंदूक के लिए उसका यमुना में कूद कर नागराज कालिया को यमुना से निष्कासित करना समस्त जलस्रोत को प्रदूषण से बचाना है। बालक कृष्ण का वृंदावन में गो-चारण उसके पशुधनप्रेम का प्रतीक है।

टीकेश्वर सिन्हा "गब्दीवाला"

बतौर अध्यापक मैं अपनी कक्षा में बच्चों के समक्ष हमेशा एक चिर-परिचित वाक्य का जिक्र करता हूँ - ''प्रतिकूल परिस्थिति में ही प्रतिभा के प्रसून खिलते हैं।'' मेरे इस वाक्योच्चारण का आशय होता है कि बच्चों में यह बात घर कर जाय क्योंकि उनमें सुनकर सीखने व करने की क्षमता बड़ी प्रबल होती है। इस तथ्यपूर्ण वाक्य का सारगर्भित भावार्थ रखने का प्रयास करता हूँ कि उन्हें इसका गूढ़ अर्थ सरलतापूर्वक समझ आ जाय कि जब किसी शख्स की स्थिति प्रतिकूल होती है; यानी समय अनुकूल नहीं होता; और ऐसे समय नकारात्मक मनोपज अधिक हावी होने लगता है। पर यही एक ऐसा अवसर होता है कि जब आदमी स्वविवेक, धैर्य, संयम व श्रम-साहस के साथ अपना कर्म करता है, तो सफलता उसके कदम चूमती है; अर्थात निश्चित तौर पर सफलता मिलती है। वह सफलता सुकोमल-सुगंधित पुष्प से कम आकर्षक नहीं होती; तब तो यह भी स्पष्ट है कि सफलता रूपी सुमन की छटा बड़ी निराली होती है। आज इस प्रेरक व सारतत्वपूर्ण शब्दसमूह- ''प्रतिकूल परिस्थिति में ही प्रतिभा के प्रसून खिलते हैं।'' से मुझे द्वापरशिरोमणि श्रीकृष्णचंद्र जी का अवतरण प्रसंग स्मरण हो रहा है। चूँकि उनका आज अवतरण दिवस है; अतः उनके सम्बंध में कुछ बातों का जिक्र करना प्रासंगिक है।

''प्रतिकूल परिस्थिति में प्रतिभा के प्रसून खिलते हैं।'' श्रीकृष्ण जी के जीवनवृत्त पर यह शब्दावली सटीक बैठती है। उनके अवतरण प्रसंग में कुछ इस तरह की प्रतिकूल परिस्थितियाँ निर्मित होती है। पावस ऋतु और बारिश का मौसम। भाद्रपद के कृष्ण पक्ष। अष्टमी तिथि के मध्य काली रात। कारागार जैसी जगह। है न... प्रतिकूल परिस्थिति? ऐसे ही समय बालक कृष्ण का जन्म होता है; और जिसे लेकर बंदी पिता वसुदेव जी मूसलाधार बारिश के वक्त रातोंरात उफनती कालिंदी (यमुना) को बमुश्किल पार कर गोकुल की धरा पर पदार्पण करते हैं। क्या यह नहीं है प्रतिकूल परिस्थिति व कुसमय...? बंदी माता-पिता देवकी-वसुदेव के जूझते परिस्थिति भरे जीवन का निष्कर्ष है- कृष्ण। इस तरह प्रतिकूल परिस्थिति में ही देवकी-वसुदेव को बालक कृष्ण के रूप पुत्र की प्राप्ति हुई।

अब हम कृष्ण की शैशवावस्था की बात करें तो, वह और भी विस्मय भरा रहा है। उसकी जन्मावधि ही अनुकूल व अच्छी नहीं रही, तो फिर शैशवकाल भला कैसे सामान्य हो सकता है। उसकी शैशवावस्था बहुत ही चमत्कारिक रही है। भले माता-पिता व दूसरों को कृष्ण एक चमत्कारिक बालक लगता है; और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखने वालों ने उसे ईश्वर माना। पर जनसाधारण की दृष्टिकोण में कृष्ण एक शिशु था; बालक था। तृणावर्त, वत्कासूर, बकासुर, अघासुर, यमलार्जुन जैसे दानवों का वध कर उसने सामाजिक कुरुतियों का अंत किया। पुतना वध में कृष्ण का एक सामाजिक संदेश रहा कि संसार में एक नारी को अपने हृदय में हर बच्चे के प्रति ममता व स्नेह का भाव रखना चाहिए; छल-कपट की जगह एक नारी-हृदय नहीं है। कोई औरत एक अबोध बच्चे की मृत्यु का कारण न बने। बालस्नेहरहित हृदय निश्चय ही दंड का भागीदार है। इसलिए तत्कालीन समाज में बालकृष्ण द्वारा पुतनावध के रूप में ऐसी सामाजिक व अनैतिक कुरुतियों का अंत आवश्यक था। कृष्ण का बाल्यावस्था में पदार्पण समूचे संसार के लिए एक संदेशपरक आम बचपन का प्रतीक रहा। गोकुल के घरों से सखाओं के साथ कृष्ण का माखन चुराना सुदृढ़ बालमित्रता का धोतक है। उसने बताया कि मित्रता सबसे समीपस्थ सांसारिक नाता है जिसमें छल, ईर्ष्या-द्वेष, घमंड, बैर जैसे अमानवीय दुर्गुणों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। यमुना तट पर सखाओं के साथ कृष्ण के कंदूक-क्रीडा में स्नेह, एकता, सहयोग, भ्रातृत्व जैसे मानवीय सद्गुण देखने को मिलता है। फिर खोई हुई कंदूक के लिए उसका यमुना में कूद कर नागराज कालिया को यमुना से निष्कासित करना समस्त जलस्रोत को प्रदूषण से बचाना है। बालक कृष्ण का वृंदावन में गो-चारण उसके पशुधनप्रेम का प्रतीक है। उसके अनुसार गोधन से सुख-समृद्धि बढ़ती है। वन-वन गाय चराते हुए कृष्ण के द्वारा कई दानवों का वध करना उसके वनसंरक्षण को अवगत कराता है। इस तरह बालकृष्ण इस जगत में वनपरम्परा, अरण्यसभ्यता व कानन संस्कृति के संवाहक के रूप में स्थापित हुआ। दूध-दही बेचकर घर लौटती ग्वालिनों के द्वारा नदी-ताल में निर्वस्त्र स्नान करना एक अनैतिक कृत्य माना। फिर उसने ग्वालिनों को जो सबक सिखाया; सारा संसार जानता है। बालकृष्ण के द्वारा अपने सिर पर मोरपंख व गले में तुलसीमाला धारण करना प्रकृतिप्रेम का सूचक है। अतएव बालक कृष्ण का संदेश रहा है कि आने वाली पीढ़ी सदैव प्रकृति से प्रेम करती रहे।

कृष्णावतार कथा-प्रसंग में प्रेम का बड़ा महत्व है। उसने मानव जीवन में प्रेम को पूरी प्राथमिकता दी। हर आयु के गोप-ग्वालिनों के द्वारा कृष्ण के प्रति प्रेम बड़ा अनूठा; निराला है। कृष्ण अपने बालपन से ही सबका प्रेमपात्र रहा। उसके प्रति हर वर्ग, आयु, समाज के लोगों का प्रेम उसकी युवावस्था के आकर्षण के कारण नहीं रहा; अपितु उसका सद्चरित्र ही सबका स्नेहभाजन बनने का जरिया बना। बालकृष्ण व धरती के कण-कण के मध्य एक अप्रतिम स्नेह रहा। उसने माना कि प्रकृति में सदैव देने की प्रवृति होती है। प्रकृति के कण-कण की ससम्मान सदैव उचित उपयोगिता ही प्रकृतिप्रेम व पूजा है। इसीलिए तो आवश्यकता पड़ने पर उसने गोकुलवासियों से गोवर्धनगिरि की पूजा करवाई; जिससे देवराज इन्द्र के अहंकार का ध्वंस हो सका। इस तरह बालक कृष्ण व्यक्ति व सामंतवाद का घोर विरोधी कहलाया।

बालक कृष्ण के द्वारा मथुरेश महाराज कंस के वध के रूप में पाप, अधर्म, अन्याय, भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक कुरुतियों का अंत हुआ। महाराज उग्रसेन को मथुरा साम्राज्य की सुपुर्दगी कृष्ण की सहृदयता व उदारता का प्रमाण है। देवी देवकी व वसुदेव को बंदीगृह से मुक्त कराना कृष्ण की माता-पिता के प्रति अपार स्नेह व सम्मान है। इस तरह बालकृष्ण एक साधारण होकर भी असाधारण बालक हुआ। उसके असाधारण बाल्यावस्था ने ही समाज में उसे एक असाधारण नर के रूप में स्थापित किया; और फिर वह नर से नारायण कहलाया। है न...कृष्ण प्रतिकूल परिस्थिति में जन्मा बालक ; जिसमें विलक्षणता कूट-कूट कर भरी हुई थी।

व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
मोबाईल - 9753269282.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 241 : सुमंत जी से जानकारी मिलने पर माता सुमित्रा श्री राम से मिलने पहुंची

योगेन्द्र कुमार पाण्डे

सुमंत जी ने उत्तर दिया, ''प्रणाम रानी जी! मैंने उन्हें माता कौशल्या के कक्ष में उनके अग्रज श्री राम के साथ देखा है।''

''पर यह समय तो अभिषेक स्थल के लिए उसके प्रस्थान का है। वे दीदी के कक्ष में क्या कर रहे हैं? आखिर बात क्या है सुमंत जी?'' रानी सुमित्रा ने कहा।

सुमंत जी ने भारी हृदय से जानकारी दी, ''श्री राम अभिषेक स्थल के लिए प्रस्थान नहीं करेंगे रानी जी! लक्ष्मण जी भी उनके साथ नहीं जाएंगे। इसके स्थान पर श्री राम एक या दो प्रहर में वन के लिए प्रस्थान करेंगे।''

रानी सुमित्रा यह सुनकर आश्चर्य से भर उठीं। उन्हें इस समाचार पर पहले तो विश्वास नहीं हुआ लेकिन इसे बताने वाले अत्यंत विश्वसनीय सुमंत जी थे और वे इतनी शीघ्रता में थे कि केवल हाथ जोड़कर तेजी से आगे बढ़ गए। रानी सुमित्रा भागते हुए रानी कौशल्या के कक्ष में पहुंचीं। वहां का दृश्य वैसा ही था, जैसी कल्पना उन्होंने सुमंत जी के मुख से राम वनवास का समाचार सुनने के बाद इस कक्ष के बारे में की थी।

माता कौशल्या अपने आसन पर बैठी हुई हैं। श्री राम उनके समीप ही खड़े हैं और उनकी भाव भंगिमाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वे यह कक्ष छोड़कर अब प्रस्थान करने वाले हैं। गवाक्ष से आती सूर्य की किरणें कक्ष के एक बड़े भाग को सुनहरे प्रकाश से भर रही हैं। श्री राम के लाल रंग के उत्तरीय को स्पर्श करने के बाद ये सुनहरी किरणें संपूर्ण कक्ष को एक गैरिक आवरण प्रदान कर रही हैं।श्री राम को देखने पर उनके पीत राजश्री वस्त्र भी आज गैरिक रंग के प्रतीत हो रहे हैं।आज दिन निकलने के बहुत देर बाद भी सूर्य किरणों के सुनहरे प्रकाश का चमकदार तेज श्वेत प्रकाश में परिवर्तन नहीं हुआ है। जैसे समूचा परिवेश धीरे-धीरे वनवासमय होते जा रहा है।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

सामयिक चर्चा

सेल्प हेल्प ही बेस्ट हेल्प है

पद्मश्री डॉ. पुखराज जी बाफना का
सामयिक लेख पढ़कर,
अपने आप मुग्ध होकर,
बानी बोले- ''गजाधर!
आप ठीक कहते हैं यार!
बाफना जी एक डॉक्टर ही नहीं
बल्कि हैं एक चिन्तक साहित्यकार!
उन्होंने क्या मार्मिक लेख लिखा है!
उसमें हमें तो सचमुच,
साहित्यकार का हृदय दिखा है।
तो हम चाहते हैं
उनके लेख की हेडलाइन की
दूसरी ऐसी लाइन हमें आप बताएँ,
जो हमारी डायरी में स्थान पाए।
हॉ तो लेख की हेडिंग है -
''सुनो! द्रौपदी! शस्त्र उठालो!
अब गोविन्द नहीं आएंगे।''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''सेल्फ हेल्प ही बेस्ट हेल्प है-
यह गुरूजन तुम्हें बताएंगे।''

-गिरीश बख्शी

कविता

// वासुदेव //

सजे किरीट मोर पंख कृष्ण माथ झूमते।
चले समीर मंद-मंद शीश केश चूमते।।
दिखे स्वरूप मेघ श्याम नैन नील सॉवरे।
लपेट पीतवर्ण देह हाथ बाँसुरी धरे।।
अरण्य जात कृष्ण धेनु गोप ग्वाल संग में।
कदंब डाल बैठ श्याम डोलते उमंग में।।
करें विनोद वासुदेव साथ गोप गोपियां।
अनन्य भक्ति कृष्ण की बसा रखें सभी हिया।।
करे घमंड चूर नंदलाल कालिया डरे।
मिले क्षमा सदैव कृष्ण भक्ति भाव जो भरे।।
करे प्रणाम देवता निहारते स्वरूप को।
कृतार्थ तीन लोक देख कृष्ण विश्वभूप को।।
सनातनी अधर्म से अनीति राह जो चले।
पुराण वेद ग्रंथ ज्ञानहीन हस्त को मले।।
मनुष्य याचना करें पुनः धरा प्रवेश हो ।
चतुर्भुजी करो कृपा सदा परास्त क्लेश हो।।

प्रिया देवांगन "प्रियू"
राजिम,जिला - गरियाबंद

कविता

"जय कन्हैया लाल की"

नंद घर आंनद भयो, जय कन्हैया लाल की।
हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की।।
असुरन को मारकर, धरती के पाप हरे।
धर्म को धारन करके, भक्तो के संताय हरे।
परवत उठाकर तू, जन जन के दुख दुर करे।
धेनु चराये, सखा बने, गोपी ग्वाल बाल की,
जय यशोदा लाल की।
धरती पर हो रहे, घोर अत्याचार।
नादियो की रक्षा कौन करे, कर रहे पापचार
आ जाओ मेरे कान्हा तुम, लेकर के अवतार।
कलयुग की दुदाशनो की करो तुम्ही संहार।
जय हो, जय हो, जय हो तेरी,
मुरलीधर नंदलाल की।
हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की।।

आनंदराम (सार्वा)
कु.बा.भाठागांव

कविता

मुस्कान जगाओ

हे गोविंद तुम आओं,
माखन मिश्री खाओ।
आर्यावर्त्त व्याकुल भई,
आकर अब हरषाओं।।
बाट जोहती कब से,
कुंज गलियन महकाओं।
अमरता की है तान छिड़ी,
तुम प्रेम गीत सुनाओ।।
यमुना तट बैरन भई
प्रेम सुधा सरसाओ।
मीरा की घुँघरू टूट रहीं
पग में बंधा जाओ।।
यूँ न तजो मुरली मोहन
बंसी अधर धर आओ।
बिलख रही निर्भया,अरुणा
चक्र सु-दर्शन उठाओ।।
नित कट रही गौमाता
दुर्दिन अब तो नसाओ।
हे बेसहारों के सहारे
अब न देर लगाओ।।
सर्वत्र वक्रता दिखे जटिलता
मन मोहन कर जाओ।
बालपन कहीं
नजर न आता
नटखट! मुस्कान
जगाओ।।

रोशन साहू "मोखला"
(राजनांदगांव)
7999840942

कृष्ण के जन्म उत्सव बर मनाथे- दही लूट

हेमलाल सहारे

छत्तीसगढ़ तिहार के गढ़ आय। इहाँ साल भर किसिम-किसिम के तिहार मनाथे। तिहार हमर थके-माँदे शरीर ला नवा बल अउ उमंग ले भर देथे। मन मा नवा उत्साह के काम करे ले काम के परिणाम घलो सुखद होथे। हमर तिहार मा कई ठन संदेश छुपे रहिथे। जे हमर जीवन बर उपयोगी के होथे। हमर कतको तिहार मन प्रकृति ले सोझे जुड़े हवय, तो कतरो के पौराणिक अउ ठोसहा वैज्ञानिक आधार घलो हे।

अइसन भादो महीना मा गाँव-गाँव मा होवईया दही लूट के तिहार हमर पौराणिक मान्यता मा आधारित हे। भगवान श्री कृष्ण के जनम के उत्सव मा येला मनाये जाथे। कृष्ण ला दही अब्बड़ पसंद रिहिस। राम अउ कृष्ण मय छत्तीसगढ़ मा दही लूट के तिहार आठे के बिहान दिन ले शुरू हो जाथे। जेहा तीजा-पोरा तक सरलग चलत रथे। येमा कृष्ण जनम उत्सव के संग राम नाम जाप के घलो महत्व हे। तभे तो कृष्ण के दही लूट के गीत मा राम के नाम घलो आथे। येकरे सेती तो राम-सप्ताह के आयोजन बड़ धूम-धाम से मनाये जाथे। कई हजारों साल बीते के बाद घलो हमर ये पौराणिक तिहार हमर संस्कृति के कतका बड़ा महत्व हे। जेहा लगातार बढ़ते जावत हे, कम तो होबे नइ करे।

दही लूट मा मरकी मा दही भरके ऊँच खंभा मा बांध देथे। संग मा पैसा, नरियर, बिस्कुट, कपड़ा, खजानी मन ला घलो बांधथे। गाँव डहर दही लूट के खंभा मा तिली पान ला कुचर के पानी ला छित देथे। जेकर ले लकड़ी नंगत बिसलाहा हो जथे। भगवान श्री कृष्ण अउ राधा जी प्रतिमा संग भजन, गीत गावत सबो गाँव भर के मन गली मा निकलथे। गाँव के मन हा राधा-कृष्ण के वेशभूषा मा नाचत गावत बहुत आनंद लेथे। गीत मन के मुखड़ा कुछ अइसन रथे- दही खाय बर खाय कन्हैया; मटकी ला काबर फोरे हो राम, झन जाबे यशोदा पानी; तोर लाला कोन खेलाही, सीता रामा भजो; सीता राम, आया बिरज का बांका संभाल तेरी गगरी रे, ते कइसे टोरे धनुष हो राम, मोर बेटा अभिमन्यु हो दाई; चक्रव्यूह मा जावत हे ना, तोला सुमर-सुमर के मनावव ना जइसे गीत मन ले मन भर जाथे। दही लूटइया जवान मन के टोली ये मन ला लुटे बर चढ़े के प्रयास करथे। बिसलाहा होय के सेती घेरी-बेरी गोड़ बिसलथे। देखइया मन बर इही आनंद के पल होथे। शहर मन मा गली के बीचों बीच रस्सी के सहारा ले दही लूट के सामान बाँधे रथे। बड़ शहर मा तो क्रेन मशीन ले ऊपर मा बाँधे रथे।जवान ल?का मन तो दही लुटथे, फेर आजकल तो महिला मन के दल घलो दही लुटे बर तैयार रथे। वहू मन पिरामिड बनाके ऊपर तक चढ़ जाथे।

दही लूट सामाजिक समरसता के बहुत अच्छा उदाहरण आय। गाँव के आदमी मन संग तीर-तखार के गाँव वाले मन घलो आय रहिथे। दही लूट के दिन घरों-घर सगा-सोधर घलो आथे। जेकर ले तिहार के उत्साह अउ बढ़ जाथे। इही बहाना अपन परिवार मन के संग भेंट-मुलाकात घलो हो जाथे।

मोहगाँव (छुरिया)
राजनांदगाँव

राशिफल

मेष — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में ना आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देनें से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

वृषभ — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें जल्द ही आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक दूसरे के प्रति विश्वास बनाये रखे। रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

मिथुन — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज अपनी बातों से किसी को प्रभावित करने में सक्षम होंगे। आपके द्वारा समाज में किये गये सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, यह देखकर आपको गर्व महसूस होगा। इस राशि के जो लोग शिक्षण संस्थान से जुड़े हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

कर्क — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो आप काफी दिनों से कर रहे थे वह आज पूरा हो जायेगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज विद्यार्थियों द्वारा काफी दिनों से की गयी मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें।

सिंह — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मानवहित में किये गये सराहनीय कामों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत करने के बारे में विचार करेंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक तरीके से चलती रहेंगी। अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लायेंगे, आत्म विश्वास बनाए रखें।

कन्या — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं वे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। आज आप किसी से भी मामले में उलझने से बचे। पब्लिक प्लेस पर अपनी छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में भी मधुरता बनी रहेगी। आज आपको अपने सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

तुला — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे, लोग आपका अनुसरण करेंगे। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम होंगे। आज किसी से बात करते समय अपनी बातें शेयर न करें। आज आप जिस काम की शुरुआत करेंगे वह आपकी बनाई गयी।

वृश्चिक — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज मित्रों से अपने मन की बात शेयर करने से आपके मन को सुकून मिलेगा। इसके साथ ही आपको नई-नई जानकारियां भी हासिल होंगी। आपको किसी रिश्तेदार से शुभ संदेश भी मिल सकता है इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। आज आपके बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा।

धनु — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। आप कोई भी फैसला भावात्मक बातों में आकर न करके गलत फैसलों से बच जायेंगे। आज ज्यादा काम के कारण आपको थकान हो सकती है आपनी छोटो-छोटी परेशानियों का निवारण जल्द ही आप कर लेंगे। घर परिवार में सुखद माहौल रहेगा।

मकर — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप शाम के समय अपने माता-पिता के साथ किसी महत्वपूर्ण टॉपिक पर विचार विमर्श करेंगे, आपको अच्छा सोल्यूशन मिल सकता है। अगर आप किसी काम की शुरुआत करने का विचार कर रहे हैं तो पहले शुभ मुहूर्त देखना अच्छा रहेगा। आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

कुंभ — आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज आपको किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। आपने, अपने काम को लेकर जो भी सपने संजोये थे वह आज काफी हद तक पूरे हो जायेंगे। आज स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है।

मीन — आज का समय आपके लिए अच्छा है। आज आपकी पारिवारिक समस्या हल होगी औए आपके रुके काम में गति आएगी। आज सकारत्मक प्रवृति के लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद रहेगी। आपकी मेहनत का उचित फल आपको जल्द ही मिलने वाला है। आज आप अफवाहों पर ध्यान न दें।

कुछ पार्षद की सहमति के बाद कर दिया ठेकेदार को भुगतान, शिकायतकर्ताओं में जमकर नाराजगी, पार्षद ने की मंत्री से की शिकायत

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई हमेशा विवादों में रहा है। केंद्र सरकार एक तरफ स्वच्छता को लेकर देशव्यापी अभियान चला रहे हैं जिसके अंतर्गत नगरीय निकाय में सामुदायिक शौचालय का संचालन भी किया जा रहा है, नगर पंचायत गंडई में सामुदायिक शौचालय में गंदगी वह काफी अवस्था का आलम है जिसमें आर्थिक अनियमितता प्रथम दृष्टि परिलक्षित होती है, ज्ञात हो कि नगर पंचायत गंडई के अधिकतर वार्डों में सामुदायिक शौचालय संचालित है, जिसका संचालन स्वच्छता श्रृंगार योजना अंतर्गत लक्ष्मीबाई महिला स्वयं सहायता समूह गंडई को दिया गया है।

पार्षदों ने पूर्व में की शिकायत में 16 जनवरी 2024 को लिखित शिकायत कर वार्ड नंबर 5 पार्षद निर्मला टूम्मन साहू, वार्ड नंबर 11 पार्षद पूर्णिमा कुंजाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष व वार्ड नंबर 9 के पार्षद जाबिद खान,वार्ड 10 पार्षद पार्वती पटेल सहित अन्य पार्षद ने लिखित शिकायत कर बताया की निकाय द्वारा संचालन कर्ता सार्वजनिक शौचालय का भुगतान रोकने एवं व्यवस्था सुधारने हेतु लक्ष्मीबाई स्वयं सहायता समूह का देखरेख अवस्थित है कुछ शौचालय क्षतिग्रस्त है तो कहीं पानी की व्यवस्था नहीं है देखने के लिए कोई केयर

टेकर नहीं है इसके द्वारा पूर्व में इस कर्मियों को लेकर निकाय को अवगत कराया गया था जिसके बाद ही कोई विशेष कार्यवाही और जांच अब तक नहीं किया गया है संबंधित द्वारा स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो उनका ठेका निरस्त करने की भी शिकायत में इस बातों का उल्लेख किया गया था, अभी हाल ही में 23 अगस्त 2024 को पार्षद निर्मला टूम्मन साहू ने सीएमओ को सार्वजनिक शौचालय का भुगतान संबंधी जानकारी अंतर्गत सामुदायिक शौचालय के भुगतान रोकने एवं व्यवस्था सुधारने हेतु आवेदन लगाया गया था परंतु शौचालय का भुगतान आपके द्वारा किस आधार पर किया गया है इस बात का भी उल्लेख किया गया है, जिस पर पर्याप्त दस्तावेज पार्षद द्वारा दिया गया है उसमे निकाय द्वारा बकायदा 14 अगस्त 2024 को नगर पंचायत में नस्ति फाइल चलाया था, जिसमें लक्ष्मीबाई महिला स्वयं सहायता समूह गंडई को स्वच्छता श्रृंगार योजना अंतर्गत नवंबर 2023 से मार्च 2024 कल 5 माह का बिल 382690/ तीन लाख बयासी हजार छै सौ नब्बे रुपया का भुगतान संबंधित समूह को कर दिया गया है जिस पर पार्षदों ने यह भी आपत्ति किया है कि शिकायत लगने के बाद भी किस आधार पर बिल का भुगतान किया गया है कहीं ना कहीं सीएमओ की मिली भगत को दर्शाता है, या दबाव में आकर इस फाइल को आगे बढ़ाया है, इस संबंध में शिकायतकर्ता पार्षद ने सीएमओ सहित अन्य संबंधित कर्मचारियों की शिकायत नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राज्य शहरी विकास अभिकरण रायपुर, संचालक नगरीय प्रशासन विकास विभाग को किया है।

अध्यक्ष का अधिकार जाते ही हुई राशि जारी

ज्ञात हो की विगत दिन राज्य सरकार द्वारा निकाय अध्यक्ष का चेक पावर छीनने के बाद यह पावर संपूर्ण रूप से सी एम ओ को दे दिया गया है, अब सी एम ओ को यह अधिकार मिलने के बाद अपने एकाधिकार का प्रयोग करते हुए, अपनी मनमानी की है। सूत्रों ने बताया की सी एम ओ राजनीतिक दबाव में आकर या मोटी कमीशन के चक्कर में उक्त राशि एकमुश्त जारी किया गया होगा।

" गिरीश साहू सीएमओ गंडई का कहना है की शिकायत के आधार पर सभी शौचालय की जांच कराई गई थी जहां मौके पर सभी शौचालय साफ सफाई पाया गया था, कुछ पार्षद के द्वारा लिखित में अपनी सहमति भी दी गई थी, जिस पर संबंधित शौचालय संचालनकर्ता समूह को भुगतान किया गया है।

बिना जांच के राशि जारी करना दुर्भाग्यपूर्ण

निर्मला टूम्मन साहू वार्ड 5 पार्षद एवं शिकायतकर्ता का कहना है कि सार्वजनिक शौचालय की जांच एवं पेमेंट रोकने के संबंध में शिकायत हमारे द्वारा किया गया था, लेकिन बिना जांच की सूचना देना एवं संबंधित समूह को पांच माह का पेमेंट करना दुर्भाग्यपूर्ण है मेरे द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री,और संचालक ऑफिस में लिखित शिकायत की है है, इस ओर जांच अवश्य होनी चाहिए।

युक्तियुक्तकरण का विरोध करने विधायक को सौंपा ज्ञापन

कल्लूबंजारी (दावा)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन एवं नवीन शिक्षक संघ द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है जिसमें 2अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम का विरोध करने, ऑनलाइन अवकाश पर आपत्ति करने सहित मूल मांगों के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है। चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक संयोजक द्वय दिनेश कुरेटी एवं कीरत गणवीर के नेतृत्व में मोर्चा के दर्जनों पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू से उनके निवास में मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण एवं ऑनलाइन आवेदन का विरोध करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम पर गत 25 अगस्त को लिखित ज्ञापन सौंपा। विधायक श्री साहू ने शिक्षक संघर्ष मोर्चा के विरोध को जायज बताते हुए शिक्षकों के हर संघर्ष में साथ देने का भरोसा दिलाया।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने किया विसंगति पूर्ण आदेश का विरोध

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक संयोजक द्वय श्री कुरेटी एवं गणवीर ने विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण आदेश को निरस्त करने की मांग करते हुए न्याय संगत राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के तहत प्रदेश में जारी 2008 के सेटअप के आधार पर प्राथमिक शालाओं में 2 सहायक शिक्षक एवं 1 प्रधानपाठक, माध्यमिक शालाओं में 4 शिक्षक एवं 1 प्रधानपाठक के व्यवस्था को पुनः बहाल करने तथा हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी स्कूलों में सेटअप के पदों को पुनः यथावत रखने की मांग की है। लंबे समय से पदोन्नति से वंचित शिक्षक एल.बी. संवर्ग को पात्रतानुसार प्राचार्य, व्याख्याता, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवं उच्च वर्ग पद पर पदोन्नत किया जाय। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुरेटी, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर दास मंडावी एवं संकुल अध्यक्ष यशवंत नेताम ने बताया कि सेटअप में पदों की कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई, गुणवत्ता एवं व्यवस्था प्रभावित होगी। इस बात को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के पालक जो अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाते है उनकी चिन्ता बढ़ गयी है।युक्तियुक्तकरण के तहत पदों में कटौती करने को लेकर बच्चों के पालकों में भारी नाराजगी व्याप्त है। आकस्मिक अवकाश लेने की ऑफ लाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ववत रखा जाए साथ ही भैषेजिक,अर्जित एवं संतान पालन अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कम से कम एक सप्ताह से अधिक दिनों का समय दिया जाय। ज्ञापन सौंपते समय शोभराय कार्ते, यशवंत नेताम, दिलीप साहू, प्रेमकुमार भुआर्य, संतोष कुमार साहू,महेश कुमार देहधारी, नरेन्द्र कुमार साहू,भगवानी कन्नौजे, राजीव टेमरे, सतीश कुमार लहरे, राकेश कुमार खोब्रागढ़े, अमित गोसाईं, विनोद कुमार सिन्हा, अश्वनी साहू, एकलव्य साहू, जागेश्वर कुमार देशमुख, डोमेन्द्र पिस्दा, वेद प्रकाश साहू एवं जितेन्द्र मोटघरे आदि सहित शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सदस्यता अभियान के तहत् ब्लॉक में 26 हजार सदस्य बनायेगी भाजपा, 1 सितंबर से व्यापक रूप से चलेगा अभियान

डोंगरगांव (दावा)। विश्व की सबसे बड़ी और एकमात्र राजनीतिक पार्टी भाजपा ने आगामी दिनों में ब्लॉक में 26 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पहली बार सदस्यता अभियान पूरी तरीके से हाईटेक और मोबाईल बेस्ड होगा। इसके लिए ब्लॉक में 200 कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दिया जायेगा।

प्रदेश तथा जिला हाईकमान के निर्देश पर पूरे देश में 1 सितंबर से प्रारंभ हो रहे भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की तैयारी की दृष्टि से मंडल भाजपा की एक आवश्यक बैठक आज स्थानीय यादव भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि पार्टी ने प्रत्येक बूथ से इस बार 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। डोंगरगांव ब्लॉक में लगभग 132 बूथ हैं। इस प्रकार हमें कुल 26 हजार सदस्य बनाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में नये पुराने सभी सदस्यों को जुड़ना है। सभी को पुनः सदस्यता ग्रहण करना है।

श्री यादव ने यह भी बताया कि इस बार सदस्यता अभियान पूरी तरह से हाईटेक और मोबाईल बेस्ड है। पिछली बार 2014 में हुए सदस्यता अभियान में ऑनलाईन के अलावा पर्ची कटाकर सदस्यता प्राप्त करने का भी विकल्प था। लेकिन इस बार मेनुअल पद्धति को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। पार्टी ने इसके लिए टोलफ्री नंबर 8800002024 जारी किया है, जिसमें मिस्ड कॉल करते ही हमें गूगल पेज प्राप्त होगा, जिसको भरकर सबमिट करने पर सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। इसके अलावा नमो ऐप डाऊनलोड कर तथा क्यूऑर कोड स्केन कर भी सदस्य बना जा सकता है।

इससे पहले पूर्व जिला महामंत्री दिनेश गांधी ने बताया कि इस वर्ष पार्टी ने पूरे देश में लगभग 26 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए पार्टी द्वारा व्यापक तौर पर प्रदेश, जिला के बाद मंडल तथा ग्रामीण स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर रही है। डोंगरगांव मंडल में भी आम लोगों तथा बूथ स्तर तथा गांव गांव तक पहुंचने के लिए ऐसे 200 कार्यकर्ताओं का चयन किया जाना है। उन्होंने यह भी बताया कि 100 सदस्य बनाने वाले को सक्रिय सदस्यता तथा 3 हजार सदस्य बनाने वाले को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री के साथ भोज करने का अवसर प्राप्त होगा। बैठक में सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक जागेश्वर यादव राजू, सह संयोजक योगेश पटेल, डिकेश साहू, तथा भाविश निक्की ने अभियान के संबंध में संक्षिप्त रूपरेखा रखी। इससे पहले मंडल प्रभारी विरेन्द्र जैन तथा मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने इस अभियान को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं से स्वस्फूर्त जुटने का आव्हान् किया। साथ ही किसी भी हालत में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कमर कसने की बात कही।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा, जिपं सदस्य इन्दूमति साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ. निरेन्द्र साहू, राजेन्द्र जैन बंटू, दिलीप साहू आदि मंचस्थ थे। बैठक में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मोटर साइकिल और छोटा हाथी वाहन में टक्कर से बाईक सवार परिवार सहित जख्मी

डोंगरगढ़(दावा)। अपने परिवार को लेकर मोटर साइकिल सवार अपने गृह ग्राम पारागांव खुर्द जा रहा था। की विपरीत दिशा में आ रही छोटा हाथी वाहन से हुई भिड़ंत से मोटरसाइकिल सवार परिवार सहित जख्मी हो गया। जिसकी रिपोर्ट मोहरा पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया की वह ग्राम पारागांव खुर्द में रहता है। खेती किसानी का काम करता है। मेरा बड़ा लड़का उमेश वर्मा मेडिकल कालेज राजनांदगांव में वार्ड ब्वाय का काम करता है। जो दिनांक 22 अगस्त को राजनांदगांव से अपने ससुराल ग्राम चिचोला थाना ठेलकाडीह गया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को प्रातःकाल अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी-08/एनए 4602 से बहु श्रीमति उमा बाई एवं नाती खुमन वर्मा, नतनीन कुमारी पीयनसी वर्मा को मोटर सायकल में बैठाकर वापस घर पारागांव खुर्द जा रहा था। ग्राम पलांदुर चौक पास पहुंचा था तभी पलांदुर की ओर से आ रहा छोटा हाथी क्रमांक सी0जी0 08 ए0जे0 0135 का चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर मो0सा0 सी0जी0 08 एन0ए0 4602 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरा लड़का अपने परिवार सहित मो0सा0 से नीचे गिर गया। और घटना में मो0सा0 क्षतिग्रस्त हो गया और मेरे लड़के उमेश वर्मा को मुंह बांये कंधा एवं बहु उमा बाई सिर एवं दाहिने हाथ में तथा नाती खुमन को सिर में एवं नतनीन पीयनसी को मुंह, नाक में चोट आयी है।जिसे एम्बुलेंस 108 से मेडिकल कालेज राजनांदगांव में भर्ती किये है। घटना को आसपास के लोग देखे है। पुलिस ने विवेचना में लिया है।

गांजा/टेबलेट जैसे नशीली पदार्थ सेवन कर शांति भंग करने वाले नशेड़ियों को किया प्रतिबंधित

डोंगरगढ़ (दावा)। गोविन्दा उत्सव के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के आदतन बदमाश, हुडदंगियों, असमाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी अभियान के तहत दिनांक- 25 अगस्त को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा शहर में आम जनता शांति एंव सैहाद्रपूर्ण से गोविन्दा उत्सव मना सके इसे ध्यान में रखते हुये गांजा, टेबलेट जैसे नशीली पदार्थ सेवन कर शहर में वाद-विवाद एवं लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वाले 04 असमाजिक तत्व के व्यक्तियों पर धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की जाकर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये गये व्यक्तियों में संतोष टण्डन पिता रामसेवक टण्डन उम्र- 41 साल निवासी भीम नगर, पुनेश साहू पिता अश्वनी साहू उर्फ तेजस्वनी उम्र-36 साल साकिन ग्राम अछोली, अब्दुल फिजा अब्दुल अफिज उम्र- 55 साल निवासी खुंटापारा, कार्तिक चौधरी पिता अजूद उम्र- 35 साल साकिन छीरपानी सभी डोंगरगढ़ शामिल है।

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, कल दही लूट

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नगर में पिछले 80 वर्षों से हर वर्ष जारी राम संकीर्तन वह जन्माष्टमी मनाने का निर्णय नगर वासीयों द्वारा, लिया गया है। जिसमें आज दिनांक 26 अगस्त सोमवार को श्री कृष्णजन्माष्टमी पर श्री कृष्णजन्मोत्सव का कार्यक्रम राजबाडा के श्री राधा कृष्ण मंदिर में रखा गया है, जहां श्री कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दोपहर 2 बजे राजबाड़ा राधा कृष्ण मंदिर से बाल गोपाल श्री कृष्ण को नगर भ्रमण कराते हुए नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक मैं स्थापित कर एकदिवसी राम संकीर्तन नगर वासियों द्वारा किया जाएगा, पश्चात रात्रि 8 से रामायण का कार्यक्रम राजबाड़ा के राधा कृष्ण मंदिर में आंजनेय मानस परिवार द्वारा किया जाएगा...व रात्रि 12:00 बजे श्री कृष्णजन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा।

वहीं 27 अगस्त मंगलवार को श्री बाल गोपाल श्री कृष्ण गोविंदा टोलियों के साथ गाजे बाजे, के साथ नगर भ्रमण करते हुए, दही लूट का आनंद लेंगे। नगर के राम नाम सप्ताह समिति द्वारा जगह-जगह दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दही हांडी की प्रतियोगिता भिन्न-भिन्न गोविंदा टोलियों द्वारा नगरवासियों द्वारा लुटाया जा रहे सभी द्रव पदार्थों का आनंद लेंगे। राम नाम सप्ताह समिति के सदस्य पवन गुप्ता, सुक्रीतदास मानिकपुरी, शंकर खंडेलवाल, दिनेश ताम्रकार, जयंत साहू ने सभी नगर वासीयों से उत्साह के साथ राम संकीर्तन, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और दही लूट गोविंदाउत्सव मैं भाग लेने का निवेदन है

हलषष्ठी व्रत पर मां रणचंडी प्रांगण में महिलाओं ने की पूजा अर्चना

डोंगरगढ़ (दावा)। हलषष्ठी व्रत पर सभी महिला बहनों ने मां रणचंडी प्रांगण में अपने बच्चों के लंबी आयु एवं सुख समृद्धि के लिए उपवास रखकर सगरी खोद कर मां हल्षी एवं शिव परिवार का सभी ने पूजा किया। मनोरमा त्रिपाठी के मुखारबिन से कथा से पूजा आरती कराई गई। इस अवसर पर अंचला सिंह ठाकुर, सीता धुर्वे, गजरा, संतोषी यादव, चंद्रभागा, पूनम, पूर्णिमा, दिव्या, दीपिका देवी का पूजा, रत्नाकला, मां बाई, राम बाई, चांगुना बाई, दुर्गा सिन्हा, पायल सहित अन्य बहनें पूजा में शामिल हुई।

आज से रींवागहन व रूदगांव में रामधुनी प्रतियोगिता

खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम रींवागहन व रूदगांव में 26 एवं 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। जिसमें ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजक समिति के लोगों ने बताया कि 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी को प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा व दिनांक 27 अगस्त को प्रतियोगिता का समापन के पश्चात गोविंदा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी ईश्वर साहू ने दी है।

मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी जिला कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन, झूठे मुकदमे एवं दुर्भावनापूर्वक की जा रही पुलिसिया कार्यवाही को रोकने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेन्द्र यादव एवं कांग्रेस नेताओ के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करने तथा दुर्भावनापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में आज नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ एक दिवसीय जंगी धरना प्रदर्षन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओ ने आरोप लगाया की भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने एवं अपनी साख बचाने के लिए घटना को विपक्षी साजिश बताते हुए बदले की भावना से कांग्रेस नेताओ को परेशान व प्रताड़ित कर रही है।

छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में शनिवार को जिला मुख्यालय मोहला में जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर अंबागढ चौकी की अगुवाई में जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन किया। भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आंदोलन के लिए नियुक्त जिला प्रभारी गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद व मोहला मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। तीन घंटा चले धरना प्रदर्शन का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूजा अर्चना से हुआ। सभा को विधायक कुवरसिंह निषाद, विधायक इन्द्रशाह मंडावी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, अजय राजपूत, बालचंद कोरेटी, कुमार कोरेटी, दिनेशशाह मंडावी, लच्छु साबले, शाहिदा बेगम, घसियाराम नाग, मिर्जा नूर बेग, लगनूराम चन्द्रवंषी, अवध चुरेन्द्र इत्यादि प्रमुख पदाधिकारियो ने संबोधित किया।

सभी वक्ताओ ने बलौदाबाजार हिंसा के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को आडे हाथो लेते हुए कांग्रेस नेताओ के खिलाफ किए जा रहे झूठे मुकदमे व पुलिसिया कार्रवाई का जमकर विरोध किया। कांग्रेसी नेताओ ने चेतावनी दी, कि भाजपा सरकार बदले की भावना से किए जा रहे पुलिसिया कार्रवाई से बाज आए। अन्यथा आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सभा का संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री दिलीप सिंगने व आभार ज्ञापन अभिमन्यु मंडावी ने किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अगनूराम कुमेटी, कन्हैया राजपूत, कविता राणा, रामकेवल विष्वकर्मा, अब्दुल खालिक जानू, सुरजीत सिंह ठाकुर, दादु शेंडे, गमिता लोन्हारे, दिनेश साहू, पन्ना मेश्राम, राजकुमार धुर्वे, योगेश पटेल, चंदूलाल पटेल, कपिल कोमरे सहित बडी संख्या में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

बलौदाबाजर हिंसा से छ.ग. की छवी धुमिल हुई- विधायक कुंवरसिंह निषाद

बलौदाबाजार हिंसा मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए

बालोद जिले के गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा की इस घटना से छग की छबि पूरे भारत देश में खराब हुई है। उन्होने कहा कि इस घटना से भाजपा की निकम्मी सरकार की कमियां एवं प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था तथा विष्णुदेव साय सरकार का कुशासन उजागर हुआ है। विधायक निषाद ने कहा की जब से भाजपा सरकार आई है प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर हो गई है। प्रदेश में आपराधिक घटनाओ में तेजी से वुद्धि हुई है। रक्षाबंधन के दिन बहनों की अस्मत लूटी जा रही हे। प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार व दुष्कर्म की घटनाए बढ गई हे। राजधानी में दिनदहाडे गोलिया चल रही है। उन्होने जनता से आहवान किया की आने चुनाव में भाजपा को उखाड फेंके।

छ.ग. की विष्णुदेव सरकार कठपुतली सरकार

मोहला-मानपुर के आदिवासी विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने कहा कि भाजपा की सरकार कठपुतली सरकार है। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्रियो व मंत्रियों के पास निर्णय लेने की शक्तियां ही नही है। कांग्रेस विधायक ने कहा की यदि सीएम के पास शक्तियां एवं निर्णय लेने की क्षमता होती तो बलौदाबाजार हिंसा की घटना ही नही होती। उन्होने कहा की यह रिमोट कंट्रोल सरकार है। दिल्ली के फैसले आने पर ही निर्णय होते है। जब तक निर्णय आते है तब तक घाटनाएं घट जाती है। आदिवासी विधायक मंडावी ने कहा की आदिवासी को सीएम बनाने के नाम पर प्रदेश में आदिवासियों से ही भाजपा छल कर रही है। उन्होने कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया।

भाजपा सरकार हर मोर्चे में असफल-अनिल

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में भाजपा की प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया की विष्णु देव साय सरकार हर मोर्चे में फेल हो गई है। उन्होने कहा की बीजेपी सरकार के नौ महिनो के कामकाज की तुलना करे तो यह साफ पता चल जाएगा की प्रदेश में कानून व्यवस्था पुरी तरह फेल हो गई है। छग में नक्सली, हिंसा, हत्या, बलात्कार, लूट, चोरिया एवं महिलाओ पर अत्याचार जैंसी गंभीर घाटनाओं में काफी वुद्धि हुई है। सरकार ने मोदी जी की गांरटी के नाम पर जो सत्ता हासिल किया था वह सभी चुनावी जुमले निकल रहे है। प्रदेश की हर महिला बहनों को महतारी वंदनयोजना का लाभ देने, पांच सौ में रसोई गैस सिलेंण्डर देने, तथा किसानो को एक मुश्त ग्राम पंचायत में धान का भुगतान देने की बात कोरी झूठ निकली है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में सुस्त शासन व ढीली प्रशासन से छ.ग. में अराजकता व असंतोष का माहौल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे जिले में यदि बदले की भावना से पक्षपातपूर्ण कार्रवाई हुई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया तो जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क में आकर शासन व प्रशासन से सीधी लडाई लडेंगे।

झूठे मुकदमे वापस लेने महामहिम को ज्ञापन सौपा

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई व विधायक कुवरसिंह निषाद व विधायक इन्द्रशाह मंडावी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने छ.ग. के राज्यपाल रेमन डेका के नाम पर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपते हुए बलौदाबाजार हिंसा मामले की निष्पक्ष व न्यायिक जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने व कांग्रेस नेताओ के खिलाफ दर्ज किए जा रहे झूठे मुकदमे वापस लेने तथा दुर्भावनापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई पर तत्काल विराम लगाने तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो को ज्ञापन सौपा।

पहला कॉलम...

इंडोनेशिया के पूर्वी टर्नेट द्वीप पर मूसलाधार बारिश से 11 की मौत

टर्नेट द्वीपः इंडोनेशिया के पूर्वी टर्नेट द्वीप पर मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में रविवार को 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर काम कर रहे खोज और बचाव दल ने उत्तरी मालुकु प्रांत के रुआ गांव में 10 शव बरामद किए हैं। द्वीप की खोज और बचाव एजेंसी के एक अधिकारी ब्रैम मद्या टेमारा के अनुसार, टीम एक और शव को निकालने के लिए मशक्कत कर रही है। अचानक आई बाढ़ ने रिहायशी इलाकों को बहा दिया और दर्जनों इमारतें और घर मलबे में दब गए। अभी काफी संख्या में विभिन्न जगहों पर लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं, उन सभी को रेस्क्यू किया जा रहा है। इंडोनेशिया में बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए सेना भी लगा दी गई है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल मामले में सीबीआई को दिया नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ऐसा मामला नहीं है, जिसमें ट्रिपल टेस्ट का दूर-दूर तक कोई आरोप लगा हो। इस मामले में चार लोगों को जमानत मिल चुकी है। सामान्य जमानत मामले में किस आधार पर उन्हें जेल में रखा जाता है। केजरीवाल को इस मामले में 2 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। सिंघवी ने कोर्ट में कहा कि साल 2023 में अरविंद केजरीवाल से 9 घंटे पूछताछ की गई। उन्होंने कोर्ट में कहा कि जब केजरीवाल को पीएमएलए मामले में जमानत मिल जाती है फिर सीबीआई उन्हें गिरफ्तार कर लेती है। वह कोई घोषित अपराधी या आतंकवादी नहीं हैं। सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध किया गया। सीबीआई ने कहा कि जमानत के लिए पहली अदालत ट्रायल कोर्ट होनी चाहिए थी। उन्होंने इस गिरफ्तारी को चुनौती दी, जो याचिका हाईकोर्ट में पहले से ही लंबित है। इसके बाद हाईकोर्ट ने कहा कि सेशल जज की पहली सुनवाई का लाभ आपको मिलेगा। अदालत की क्षमता पर कोई सवाल नहीं है।

असम बंद की घोषणा प्रदर्शनकारियों ने वापस ली

गुवाहाटी। असम के नागांव जिले में विभिन्न संगठनों ने स्थानीय लोगों की परेशानियों के चलते रविवार को ढिंग इलाके में अनिश्चितकालीन बाजार बंद वापस ले लिया। हालांकि, उन्होंने 14 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार में शामिल दो आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग जारी रखी। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और अन्य संगठनों ने सामूहिक बलात्कार मामले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक इलाके में अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया था। मुख्य आरोपी तफजुल इस्लाम (जिसे पहले गिरफ्तार किया गया था) शनिवार को पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश करते समय मर गया। जब पुलिस उसे क्राइम सीन को रीक्रिएट करने के लिए घटनास्थल पर ले गई तो वह हथकड़ी सहित एक तालाब में गिर गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी इस्लाम की डूबने से मौत हो गई और बाद में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने उसका शव बरामद किया।

पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसों में 37 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में रविवार काला दिन साबित हुआ। पड़ोसी मुल्क में दो भीषण सड़क हासदे सामने आए हैं। अलग-अलग बस दुर्घटनाओं में 11 तीर्थयात्रियों समेत 37 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहली दुर्घटना तब हुई जब 70 लोगों को ले जा रही एक बस बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तटीय राजमार्ग से अनियंत्रित हो गई। दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। बस शिया तीर्थयात्रियों को ईरान से पंजाब प्रांत वापस ला रही थी।मकरान तटीय राजमार्ग 653 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग है जो सिंध प्रांत के कराची से बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर तक पाकिस्तान के अरब सागर तट तक फैला हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना में शामिल अधिकांश यात्री लाहौर या गुजरांवाला के थे।इसके कुछ घंटे बाद, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (क्रश्य) में 35 लोगों को ले जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।सूत्रों के अनुसार, पहाड़ी इलाके में हुई इस दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। साधनोती के डिप्टी कमिश्नर उमर फारूक ने कहा कि मृतकों में बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को रौंदा, इतिहास में पहली बार देखना पड़ा ये बुरा दिन

नई दिल्ली। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज पहले मुकाबले में पाकिस्तान की टीम को हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश ने इस मुकाबले को 10 विकेट से अपने नाम किया। पांच दिनों तक खेले गए इस मुकाबले में मिली जीत के बाद बांग्लादेश ने इस सीरीज में भी 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाकिस्तान को अपने क्रिकेट इतिहास में पहली बार बांग्लादेश के हाथों टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान बांग्लादेश को जीत के लिए सिर्फ 30 रनों की टारगेट दिया था।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने के लिए आई पाकिस्तान की टीम ने 448 के स्कोर पर 6 विकेट खोकर पारी घोषित कर दी। पाकिस्तान के लिए इस इस दौरान सऊद शकील ने 141 रन और मोहम्मद रिजवान ने 171 रनों की पारी खेली।

इसके बाद बांग्लादेश की टीम 565 की स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी के बाद 117 रनों की लीड हासिल कर ली। पाकिस्तान को फिर उन्होंने 146 के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया और उन्हें जीत के लिए सिर्फ 30 रनों की लक्ष्य मिली। जिसे बांग्लादेश ने 6.3 ओवर में बिना विकेट खोए चेज कर लिया।

पाकिस्तान ने इस मुकाबले की पहली पारी में 448 रन पर पारी घोषित कर दी थी। जब उनके पास मौका था कि वह और भी बड़ा स्कोर बना सके। हालांकि पाकिस्तान ने ऐसा किया नहीं और कप्तान शान मसूद ने पारी घोषित कर दी। आपको बता दें कि टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा 17वीं बार हुआ है जब किसी टीम ने पहली पारी को घोषित किया और फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं पाकिस्तान के साथ ऐसा तीसरी बार हुआ। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच इससे पहले कुल 13 टेस्ट मैच खेले गए थे। जहां पाकिस्तान ने 12 टेस्ट मैच जीते थे, वहीं एक मैच ड्रॉ रहा था, लेकिन लंबे इंतजार के बाद बांग्लादेश ने 14वें टेस्ट मैच में जीत हासिल कर ही ली।

सऊद शकील बने शर्मनाक क्लब का हिस्सा

रावलपिंडी के मैदान पर पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के पांचवें दिन का खेल काफी रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है, जिसमें पाकिस्तान की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 146 रन ही बनाने में कामयाब हो सकी और बांग्लादेश को सिर्फ 30 रनों का ही टारगेट मैच की चौथी पारी में देने में कामयाब हो पाई। दूसरी पारी में पाकिस्तानी टीम के ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों से बेहद ही खराब प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें पहली पारी में बेहतरीन शतकीय पारी खेलने वाले टेस्ट टीम के उपकप्तान सऊद शकील दूसरी पारी में अपना खाता भी खोलने में कामयाब नहीं हो सके। इसी के साथ अब सऊद शकील एक बेहद शर्मनाक क्लब का भी हिस्सा बन गए हैं।

सऊद शकील ने इस मैच की पहली पारी में 141 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे, जिसके बाद दूसरी पारी में वह बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इसी के साथ सऊद शकील अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में बांग्लादेश के खिलाफ चौथे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जो एक टेस्ट मैच में शतकीय पारी खेलने के बाद शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौटे हैं। वहीं इससे पहले बीजे वॉटलिंग, रहमत शाह और एंजेलो मैथ्यूज का नाम इस लिस्ट में शामिल था जो बांग्लादेश के खिलाफ एक टेस्ट मैच में शतक लगाने के बाद दूसरी पारी में बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। वहीं सऊद शकील पाकिस्तान टीम के पहले ऐसे खिलाड़ी भी बन गए हैं जो टेस्ट क्रिकेट की दोनों पारियों में स्टंप आउट होकर पवेलियन लौट हैं। इस मैच में सऊद को पहली पारी में मेहदी हसन मिराज ने अपने शिकार बनाया था तो दूसरी पारी में उन्हें शाकिब अल हसन ने पवेलियन भेजा।

खाप पंचायत ने गोल्ड मेडल देकर विनेश फोगाट को किया सम्मानित

केंद्र सरकार से की भारत रत्न देने की मांग

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 के फाइनल कुश्ती मुकाबले में अयोग्य घोषित होने के बाद रेसलर विनेश फोगाट को भारत में सम्मान मिल रहा है। इसे लेकर खाप पंचायत ने रविवार को एक बैठक की और विनेश फोगाट को लेकर बड़ा फैसला लिया। खाप ने केंद्र सरकार से विनेश फोगाट के लिए भारत रत्न की मांग की। साथ ही रेसलर को खाप पंचायत के गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। खाप ने कहा कि यह इतिहास में पहली बार है कि जब खाप पंचायत ने किसी खिलाड़ी को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया।

इस बीच पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, अब भी लड़ाई शुरू है। परमात्मा शक्ति बनाए रखे। बेटियों को हौसला दीजिए, जो आपके आत्मसम्मान को बढ़ाएंगी। इतना प्यार, मान सम्मान मिलेगा, यह कभी नहीं सोचा था। अगर गोल्ड मेडल भी लाती तो ऐसा सम्मान नहीं मिलता, यह मुझे जो सम्मान मिला, यह समस्त बेटियों का सम्मान है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं सड़कों पर लड़ रही थीं। आप सभी ने मेरा हौसला बढ़ाया, हिम्मत बढ़ाई, पूरा परिवार और समाज मेरे साथ रहा। हमेशा सत्य की जीत होती है। हमारा अधूरा सपना रह गया, आप हौसला बनाए रखिए।

लगभग एक करोड़ पाकिस्तानियों ने छोड़ा देश

इस्लामाबाद। लगभग एक करोड़ पाकिस्तानियों ने अपना देश छोड़ दिया है। बेहतर अवसरों की तलाश में इन लोगों को मजबूरी में अपना देश छोड़ना पड़ा। एआरवाई न्यूज ने प्लस कंसल्टेंट की रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी साझा की। 2013 से 2018 तक पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शासन में सबसे ज्यादा लोगों ने पाकिस्तान छोड़ा है। कामगारों और प्रतिभा के पलायन ने पाकिस्तान सरकार की चिंता बढ़ा दी।

रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 17 वर्षों में कुल 95,56,507 लोग पाकिस्तान छोड़कर जा चुके हैं। 2015 में सबसे अधिक नौ लाख लोगों ने पाकिस्तान से पलायन किया था। हालांकि 2018 तक इसमें 60 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई।

इंग्लैंड ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त ली

नईदिल्ली। इंग्लैंड ने ओल्ट ट्रैफर्ड में खेले गए 3 मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त ले ली है. इंग्लैंड की इस जीत में पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज जो रुट ने निर्णायक भूमिका निभाई और अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल करते हुए टीम को जीत दिलाई. साथ ही ये भी बताया कि मुश्किल हालात से इंग्लैंड को निकालने में आज भी वे दूसरे बल्लेबाजों काफी आगे हैं.

इंग्लैंड को इस टेस्ट को जीतने के लिए चौथी पारी में 205 रन का लक्ष्य मिला था. चौथी पारी में 200 से उपर का लक्ष्य हमेशा मुश्किल होता है और इस मैच में भी श्रीलंकाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर को मुश्किल में डाला था. 70 पर 3 विकेट गंवा चुकी इंग्लैंड के लिए 205 का लक्ष्य एक समय कठिन लग रहा था लेकिन जो रुट हर बार की तरह टीम के लिए संकटमोचक बनकर उभरे. रुट ने 128 गेंद में 2 चौके लगाते हुए 62 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी. अगर श्रीलंकाई गेंदबाज रुट का विकेट लेने में कामयाब हो जाते तो इंग्लैंड को मुश्किल आ सकती थी. रुट को हैरी ब्रुक 32 और विकेटकीपर जेमी स्मिथ 39 का महत्वपूर्ण सहयोग मिला.

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था. धनंजय जी सिल्वा के 74 और मिलान रथनायके के 72 रन की बदौलत पहली पारी में 236 रन बनाए. इसके जबाव में इंग्लैंड ने जेमी स्मिथ के 111 और हैरी ब्रुक के 56 रन की मदद से 358 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 122 रन की लीड ली. दूसरी पारी में श्रीलंका ने एंजेलो मैथ्यूज के 65, दिनेश चांदीमल के 79 और कामिंदु मेंडिस के 113 रन की मदद से 326 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 205 रन का लक्ष्य दिया था. इस लक्ष्य को 5 विकेट के नुकसान पर इंग्लैंड ने हासिल कर लिया. इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ प्लेयर ऑफ द मैच रहे.

विराट कोहली ने धवन के संन्यास पर भावनात्मक विदाई संदेश लिखा

नई दिल्ली। भारत के इतिहास के शीर्ष सलामी बल्लेबाजों में से एक शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक वीडियो के जरिए क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उनके संन्यास की खबर के बाद, कई पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों ने गब्बर को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी।

पिछले दशक के दौरान भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने खुद को देश की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी इकाइयों में से एक के रूप में स्थापित किया। शिखर धवन और रोहित शर्मा की घातक ओपनिंग साझेदारी के बाद तीसरे नंबर पर विराट कोहली की मौजूदगी टीम के बल्लेबाजी लाइनअप के लिए काफी थी, जिससे भारत से दुनिया भर के गेंदबाजों को डर लगने लगा। शिखर ज्ञएसधवन25 आपके निडर पदार्पण से लेकर भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बनने तक, आपने हमें संजोने के लिए अनगिनत यादें दी हैं। खेल के प्रति आपका जुनून, आपकी खेल भावना और आपकी ट्रेडमार्क मुस्कान को याद किया जाएगा, लेकिन आपकी विरासत जीवित रहेगी। यादों, अविस्मरणीय प्रदर्शन और हमेशा दिल से नेतृत्व करने के लिए धन्यवाद। मैदान के बाहर गब्बर, आपको अगली पारी के लिए शुभकामनाएं ! धवन और विराट कोहली 2011-2022 तक भारत के लिए एक साथ खेले, जिसमें उन्होंने 60 अलग-अलग मौकों पर साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 3430 रन बनाए और 10 शतक और 15 अर्धशतक लगाते हुए 60.17 के औसत साझेदारी स्कोर का प्रदर्शन किया। धवन के 13 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैच खेले और तीनों प्रारूपों में क्रमशः 2315, 6793 और 1579 रन बनाए। अपने बेदाग अंतरराष्ट्रीय करियर के साथ, धवन ने इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई और पंजाब का प्रतिनिधित्व किया, जहां उन्होंने 222 मैच खेले और 6769 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 51 अर्धशतक शामिल थे।

प्रथम पेज का शेष

केन्द्रीय गृह अमित शाह ने रायपुर में.....

तब तक एक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को हम प्राप्त नहीं कर सकेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स का उपयोग करने वाला व्यक्ति पीड़ित होता है, जबकि इसका व्यापार करने वाला अपराधी होता है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के डिटेक्शन, नेटवर्क के डिस्ट्रक्शन कल्प्रिट के डिटेंशन और एडिक्ट के पुर्नवास के चार सूत्रों पर चलकर ही हम इस लड़ाई में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में होल ऑफ गर्वनमेंट अप्रोच अपनाने से ही हमें पूर्ण सफलता मिलेगी।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में एनसीबी की उपलब्धि बहुत अच्छी रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 से 2014 तक कुल 1,250 केस दर्ज हुए जबकि 2014 से 2024 तक के 10 साल में 230 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,150 केस दर्ज हुए। 2004 से 2014 के बीच कुल 1,360 अरेस्ट हुए जो अब 6,300 हो गए हैं। इसी प्रकार, 2004 से 2014 के बीच 1 लाख 52 हजार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई जबकि 2014 से 2024 के बीच 257 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5 लाख 43 हजार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई है। 2004 से 2014 के बीच जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 5,900 करोड़ रूपए था जबकि 2014 से 2024 के बीच जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 22,000 करोड़ रूपए है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक संगठित अप्रोच के तहत हम 10 साल में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को एक अंजाम तक पहुंचाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के युवा और आम जनता के बीच मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता पैदा करके इस लड़ाई को एक ग्रजन आंदोलनश् बनाना होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने नार्को कॉर्डिनेशन मैकेनिजम के तहत सभी 4 स्तरों पर नियमित बैठकें आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में शुरू किए गए 'मानस' पोर्टल का सभी को उपयोग करना चाहिए। श्री शाह ने सभी राज्यों से कहा कि वे ड्रग्स के मामलों में वित्तीय जांच के लिए भारत सरकार की एजेंसियों की मदद ले सकते हैं। गृह मंत्री ने संयुक्त समन्वय समिति के नियमित उपयोग की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए अंतर्राज्यीय मामलों को एनसीबी को सौंपना चाहिए।

खड़गे ने भाजपा पर बोला हमला...

शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आनंद दुबे ने कहा कि विपक्ष के दबाव के चलते सरकार यूपीएस लाई है। पूर्व कैबिनेट सचिव टी वी सोमनाथन ने यूपीएस और एनपीएस के बीच का अंतर बताते हुए कहा कि यूपीएस पूरी तरह से एक कॉन्ट्रिब्यूटरी फंडेड स्कीम है, जिसमें कर्मचारियों को 10 प्रतिशत का योगदान देना होगा। जबकि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) एक अनफंडेड स्कीम थी, जिसमें कर्मचारियों को कोई योगदान नहीं करना पड़ता था। लेकिन यूपीएस में एनपीएस की तरह बाजार आधारित नहीं है, बल्कि यह निश्चित पेंशन की गारंटी देता है।

हर घर तिरंगा अभियान की सफलता ..

और कहा कि बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है। वैसे तो इस पर पूरे वर्ष ध्यान रहता है, लेकिन एक महीना विशेष फोकस रहता है। लोगों को जागरूक करने के लिए पोषण मेला, एनीमिया शिविर, नवजात शिशुओं के घर के दौरे आदि कई तरीके अपनाए जाते हैं। पिछले वर्ष पोषण अभियान को नई शिक्षा नीति से जोड़ा गया है।

वन्य जीवों के साथ मानव संबंधों का जिक्र करते हुए पीएम ने असम के हूलाक गिब्बन बंदरों का विशेष तौर पर उल्लेख किया। असम के बारेकुरी गांव में मोरान समुदाय के लोगों ने इन बंदरों के संरक्षण के लिए बहुत काम किया है, जिससे बंदरों ने उस गांव को अपना बसेरा बना लिया है। इसी तरह अरुणाचल प्रदेश में युवाओं ने वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए 3-डी प्रिंटिंग तकनीक का सहारा लिया है। इससे सींगों और दांतों की तस्करी पर नियंत्रण लग सका है।

लेबनान के हमले के बाद इजरायल का...

हिजबुल्ला ने यह हमला 30 जुलाई को अपने वरिष्ठ कमांडर फुआद शुकर की मौत का बदला लेने के लिए किया था। शुकर की मौत इजरायली हमले में हुई थी। इसके बाद इजरायल ने जवाबी हमले में दक्षिणी और मध्य लेबनान में स्थित हिजबुल्ला के 40 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया। इन हमलों में हिजबुल्ला के सैन्य उपकरणों को भारी नुकसान होने की सूचना है। हमास समर्थक हिजबुल्ला का इजरायल पर हमला उस समय हुआ है जब काहिरा में गाजा में युद्धविराम पर वार्ता चल रही है। इजरायल में आपातकाल, अभी युद्ध नहीं छिड़ेगा- हजबुल्ला के हमले और इजरायल के पलटवार से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। इससे पहले जुलाई में हिजबुल्ला ने इजरायल के कब्जे वाली गोलन पहाड़ियों पर मिसाइल हमला कर 12 नवयुवकों की हत्या की थी जबकि इजरायल ने हवाई हमले में हिजबुल्ला कमांडर शुकर को मारा था। हिजबुल्ला के ताजा हमले के बाद इजरायल में डेढ़ घंटे तक हवाई यातायात रुका रहा और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक की।

गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में...

की सुविधा उपलब्ध होगी। यह स्टेशन 75 करोड़ रूपए की लागत से तैयार की गई है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 4 रेलवे स्टेशन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नवा रायपुर अटल नगर में लगभग 5.3 किलोमीटर में स्मार्ट सडक एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण 35.25 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है। 100 बस के अतिरिक्त 148 कार, टैक्सी और लगभग 250 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा 23.12 करोड़ रूपए की लागत से विकसित की गई है। विश्वस्तरीय स्मार्ट स्कूल- राखी गांव में विश्वस्तरीय स्मार्ट शैक्षणिक व्यवस्था की सुविधा एवं वृहद बहुद्देशीय सभागार प्रदान करने के लिए 18 करोड़ रूपए हायर सेकेण्डरी स्कूल तैयार किया गया है। इससे 1200 से ज्यादा बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा का माहौल मिलेगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु 11 करोड़ रूपए की लगात से भवन निर्मित किया गया है। इस स्कूल में 950 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। नवा रायपुर अटल नगर के 11 ग्रामों में 10.35 करोड़ रूपए की लागत से प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों का उन्नयन किया गया है, जिससे लगभग 4300 स्कूली बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा। भू-संवर्धन एवं वृक्षारोपण- बागवानी कार्य में जल निकायों का विकास के लिए 16 करोड़ रूपए की लागत से मंत्रालय के निकट जल संवर्धन, नालों, तालाबों को पुनर्जीवित करना एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। इसके अलावा वर्षा जल की प्राकृतिक धाराओं को विकसित कर भू-जल स्तर को बढाने के लिए 16.12 करोड़ रूपए की लागत से आवश्यक कार्य एवं नये तालाबों का निर्माण तथा वृक्षारोपण कार्य किये गये है।

बांग्लादेश में हसीना पर हत्या ...

और उसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए डिटेक्टिव ब्रांच के आफिस ले जाया गया। पूर्व मंत्री गाजी को किस अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने यह अभी स्पष्ट नहीं किया है। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके सहयोगियों पर हत्या के चार नए मामलों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

दिल्ली में भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति..

राजपोरा से मुद्दसीर हुसैन, देवसर से शेख फिदा हुसैन, दौरू से मोहसिन शाफकत मीर, डोडा से मेहराज दीन मलिक, डोडा वेस्ट से यासिर सफी मट्टो और बनीहाल से मुद्दसीर अजमत मीर को मैदान में उतारा है। इसके अलावा पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की भी सूची जारी की है, जिसमें अरविंद केजरीवाल, सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का नाम प्रमुख है।

ज्योतिष चमत्कार (26 अगस्त 2024)

कल्याण

सोम	7	8	9	0
	74	86	90	04
मंगल	8	9	0	1
	82	98	08	14
बुध	9	0	1	2
	92	06	10	26
गुरू	0	1	2	3
	02	18	20	34
शुक्र	1	2	3	4
	12	28	30	46
शनि	2	3	4	5
	24	36	40	58

अंकों का बादशाह	0
सप्ताह का वरदान	8
सप्ताह में अचूक	1 2 6 7
स्पेशल	13 24 65 79

सप्ताह में देखें

1	13	15	17	19
2	21	23	25	29
3	31	35	37	39
4	41	43	45	47
5	51	53	57	59
6	63	65	67	69
7	71	73	75	´79
8	81	85	87	89
9	91	93	95	97
0	01	03	07	09

राजधानी नाईट

सोम	2	3	4	5
	23	39	45	51
मंगल	3	4	5	6
	35	47	57	63
बुध	4	5	6	7
	43	59	67	71
गुरू	5	6	7	8
	53	69	75	81
शुक्र	6	7	8	9
	65	79	87	91

अंकों का बादशाह	0
सप्ताह का वरदान	9
सप्ताह में अचूक	1 3 4 5
स्पेशल	12 36 47 58

सप्ताह में देखें

1	12	14	18	10
2	24	26	28	20
3	32	34	36	30
4	42	46	48	40
5	52	54	56	58
6	62	64	68	60
7	74	76	78	´70
8	82	84	86	80
9	92	96	98	90
0	02	04	06	08

अंक आपके पत्ते हमारे

1	2	3	4	5	6	7	8	9	0
128	138	148	149	140	123	160	134	234	127
245	129	238	130	230	150	250	233	379	136
489	237	490	239	357	259	278	279	225	280
290	570	670	680	456	349	458	260	270	479
344	228	355	789	339	790	449	125	126	677

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

कल्याण						राजधानी				
94	23	27	13	81	49	39	34	58	12	31
07	67	46	49	64	87	91	12	08	45	67
16	99	40	**	33	82	67	27	03	**	16
04	45	24	16	89	28	06	71	06	01	39

2023-24 के रुके जोड़ भाव

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-54-57-61-68-69-71-74-85-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-73-75-70-88-89-92-94-04-00

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

ममता नगर अंडरब्रिज में घुटनों तक भरा पानी... लोगों की आवाजाही हुई प्रभावित

राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर अंडर ब्रिज में घुटनों तक पानी भर जाने से शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक लोगों को आवागमन प्रभावित हुआ, इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। अंडर ब्रिज में पानी भरा होने की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कतें स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को हुई। आटो व दुपहिया वाहनों में शहर के स्कूलों में पढ़ाई करने जाने वाले छात्र-छात्राओं को अंडर ब्रिज में घुटनों तक पानी भरे होने के कारण या तो स्टेशन पारा रेल्वे ओवर ब्रिज की ओर से धुम कर जाना पड़ा, वहीं नहीं जा पाने की स्थिति में बच्चों को स्कूल जाने से वंचित होना पड़ा। इसी तरह रोजमर्रा के काम से शहर आने वाले लोगों को अंडर ब्रिज में पानी भरे होने के कारण या तो वापिस घर जाना पड़ा या फिर स्टेशन पारा, गौरीनगर तक घुमकर शहर की ओर आना पड़ा इससे लोगों को खासी परेशानियां हुई।

इस परेशानी से न केवल ममता नगर तुलसीपुर नया ढाबा, नवागांव, बजरंगपुर के लोगों प्रभावित हुए, आसपास के गांव-देहात के लोग भी परेशान हुए। उन्हें या तो फिर अपना कार्यक्रम बदल देना पड़ा या घुमावदार रास्ते का चयन कर अपना आवश्यक काम निपटाने शहर आना पड़ा। कुछ लोग हिम्मत कर अपने वाहनों से अंडर ब्रिज में घुटनों तक भरे पानी का पार करने की कोशिश की इससे उन्हें वाहनों के इंजन में पानी भर जाने की स्थिति का सामना करना पड़ा। वही बड़े वाहनों के गुजरने के दौरान ब्रिज में भरे गंदा पानी के छीटे भी सहने पड़े। कुल मिलाकर देखा जाए तो ममता नगर अंडर ब्रिज में घुटनों तक भरे पानी की वजह से शनिवार को दिन भर इस रोड से आवाजाही करने वालें लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

निगम के लोगों ने मोटर पम्प चालू कर निकाला पानी...घंटों बाद रास्ता खुला
ममता नगर अंडर ब्रिज में आए दिन होने वाली परेशानी को देखते हुए, मोतीपुर मिनी अंडरब्रिज निर्माण जरुरी

लोगों ने ब्रिज में भरे पानी के सम्बंध में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से लेकर निगम महापौर श्रीमती देशमुख व रेल्वे विभाग सहित पीडब्ल्यूडी के अफसरों को दी। इसके बाद भी किसी ने अंडर ब्रिज में भरे पानी को निकालने के लिए रूचि नहीं दिखाई। बाद में नगर-निगम द्वारा अपने कर्मियों को भेजकर अंडर ब्रिज में भरे पानी को खाली करवाया तब कही जाकर लोगों को राहत मिली।

मोटर पम्प में आई खराबी

बता दे कि बारिश के दिनों में ममता नगर रोड स्थित रेल्वे अंडर ब्रिज में जल्द ही पानी भर जाता है। इसकी वजह ड्रेनेज सिस्टम का सही नहीं बनना बताया जाता है। इस अंडर ब्रिज में बारिश के दिन तो छोड़ दे गर्मी के दिनों में भी पानी पसरा हुआ दिखाई देता है। अभी कुछ दिनों से बारिश होने पर अंडर ब्रिज में पानी भर जाया ही कर रहा है। वहीं बारिश बंद होने के बाद आसपास के घरों से निकलने वाला गंदा पानी आकर अंडर ब्रिज में भर गया। इससे संक्रमण बढ़ने का खतरा बढ़ गया था। अंडर ब्रिज में घुटनों तक भरे पानी की वजह इसे निकालने वाले मोटर पम्प में खराबी होना बताया जा रहा है। इस सम्बंध में रेल्वे के इंजीनियर श्री मेश्राम ने बताया कि हमने अंडर ब्रिज बना कर नगर निगम के हेण्ड ओवर कर दिया है। अब इसके रख-रखाव की जिम्मेदारी निगम की है। लोगों के द्वारा निगम में तत्सम्बंधितत शिकायत किए जाने उपरांत काफी देर बाद मोटर पम्प सुधारने वाले कर्मी भेजे जिसके बाद कहीं ले-देकर 4 बजे तक पानी को खाली किया गया, तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिल पाई। मोतीपुर अंडर ब्रिज जरूरी बता दे कि ममता नगर अंडर ब्रिज में आए दिन यातायात जाम होने व ब्रिज में पानी भरे होने से लोगों को यातायात सम्बंधी खासी परेशानी उठानी पड़ती है। वही भारी वाहनों के ब्रिज में फंस जाने से भी दोनों तरफ की आवाजाही की समस्या बनी रहती है। इधर स्टेशन पारा अंडर ब्रिज नहीं होने की वजह से ममता नगर अंडर ब्रिज में यातायात कर दबाव बढ़ गया है। इसके चलते वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के लिए मोतीपुर अंडर ब्रिज बनाना अत्यंत जरूरी हो गया है। हालांकि सांसद संतोष पाण्डे उक्त मिनी अंडर ब्रिज के लिए खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। रेल मंत्री से कहकर इसके लिए सेंशन भी करवा लिया है। जगह भी लगभग चयनित हो चुका है। बारिश समाप्त होते ही इसका काम शुरू हो जाना चाहिए। इसी तरह स्टेशन पारा रेल्वे अंडर ब्रिज निर्माण कार्य को गति देना जरूरी हो गया है। इसके लिए नगर निगम को जल्द ही ब्रिज निर्माण में अवरोधक बने पाईप लाईन को जल्द से जल्द हटाना जरूरी है।

खैरागढ़ में सदस्यता अभियान को लेकर मधुसूदन ने खैरागढ़ में ली बैठक

खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार 1 सितंबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत की जा रही है। जिसको लेकर खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में बैठक लेने पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव खैरागढ़ पहुंचे।

बैठक को संबोधित करते हुए, कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर सदस्यता अभियान की शुरुआत होनी है, जिसमें आप सभी को पहले तो खुद सदस्यता लेनी है, उसके बाद लोगों को भी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाना है, उन्होंने कहा कि खास तौर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी लेनी है।

मुख्य वक्ता के रुप में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष ने सदस्यता अभियान को लेकर मंडलवार बैठक की जानकारी भी ली तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि शनिवार 31 अगस्त को हम सभी की सदस्यता स्वमेव रद्द हो जाएगी। जिसके पश्चात रविवार 1 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान में हम सभी को सदस्यता लेनी है। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला संयोजक टीके चंदेल, महामंत्री रामाधार रजक, विकेश गुप्ता, खम्मन ताम्रकार सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने ओडीएफ प्लस की आकृति बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश दिया

राजनांदगांव (दावा)। जिले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को जिले के सभी ग्रामों में स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और ग्रामों के चौक-चौराहों, मोहल्लो एवं बाजार सहित अन्य स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों एवं स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाकर गांव की साफ-सफाई की। स्कूली बच्चों द्वारा ओडीएफ प्लस की आकृति बनाकर ग्राम को ओडीएफ प्लस बनाने और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्रीकान्त कोर्राम, जनपद सीईओ नवीन कुमार, एबीईओ रश्मि ठाकुर, प्राचार्य केपी साहू, सीएसी श्री सलामे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली

मोहला (दावा)। मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने में अपेक्षित सहयोग करें। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित और शुद्ध मतदाता सूची बनाने में सहयोग करें। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाताओं का पंजीयन हेतु 09,10 नवम्बर व 16, 17 नवंबर को समस्त मतदान केन्द्रों में दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण वर्ष 2025 की कार्यवाही अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जायेगा। 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। इस अवधि में 9 व 10 नवंबर एवं 16 व 17 नवंबर को विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने का कार्य किया जायेगा। 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा।

18 अक्टूबर तक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, विलोपन करने, संशोधन की कार्यवाही किया जाएगा

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर 2024 तक बूथ लेबल अधिकारी द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे कर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, विलोपन, संशोधन की कार्यवाही की जाएगी एवं 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। साथ ही साथ सभी मतदान केन्द्रों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की प्रकाशित सूची जन साधारण के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी ऐसे मतदाता जो 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो और वे किसी कारणवश अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं करा पाये है वे संबंधित मतदान केन्द्रों में 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक मतदान केन्द्रों में जाकर नियत प्ररूप 6 में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है। सभी मतदान केन्द्रों में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र उपलब्ध रहेगें। इस संबंध में अपने क्षेत्र के बीएलओ से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस दौरान मृत/स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपन हेतु प्रपत्र 7 में आवेदन भी प्रस्तुत कर सकते है तथा त्रुटिपूर्ण नामों के सुधार एवं एक ही विधान सभा में एक मतदान केन्द्र से दूसरे मतदान केन्द्र में परिवर्तन हेतु प्रपत्र-8 में आवेदन बूथ लेबल आफिसर को प्रस्तुत कर सकते है। अतः इसके अतिरिक्त मतदाता अपना नाम जोडने संशोधन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के बेबसाइट -https: voters. eci.gov.in में ऑन लाइन आवेदन भी प्रेषित कर सकते है, किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कॉल सेन्टर 1950 से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण उपरान्त अन्तिम मतदाता रूप से प्रकाशित मतदाता सूची को 06 जनवरी 2025 को प्रत्येक मतदान केन्द्र, समस्त तहसील कार्यालयों, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में समस्त नागरिकों के अवलोकन करने हेतु रखा जाएगा। बैठक में सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अविनाश ठाकुर सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

डोंगरगढ़/बोरतलाव(दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस माँ सरस्वती, वेद व्यासजी, भगवद्गीता एवं श्री राम चरित्र मानस का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने हाथ में मेंहदी से संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं प्रेषित किये।

सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में रैली निकाल कर जगह जगह लोगों को संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं दी गई। श्लोक, सुक्ति, कण्ठस्थीकरण, चित्रकला, श्लोक अंत्याक्षरी, प्रतियोगिता आयोजित किया गया। वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प लिया गया। 11 छात्रों ने भगवद्गीता का एक अध्याय कण्ठस्थ करने का संकल्प लिया उन्हें भगवद गीता प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत के व्याख्याता नारद सिन्हा ने किया।

वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए अंतर्राज्यीय वेक्टर नियंत्रण कार्यशाला में बनी रणनीति

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम की दिशा में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में अपनाए जा रहे नवाचार को एक से दूसरे प्रदेश में बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में अंतर्राज्यीय वेक्टर नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सांसद संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य हम सबकी पहली प्राथमिकता है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत देशभर में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। ऐसे में प्रयास होना चाहिए कि वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए संबंधित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभाग एक-दूसरे से समन्वय बनाकर काम करें। एक-दूसरे के नवाचारों को अपनाएं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि वेक्टर नियंत्रण रोगों के साथ-साथ अन्य रोग की भी जांच करानी चाहिए। उन्होंने इस दिशा में पुलिस विभाग द्वारा भी यथासंभव सहायता का आश्वासन दिया।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि पिछले कई वर्षों से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र राज्य के संयुक्त प्रयासों से मलेरिया एवं अन्य वेक्टरजनित रोग नियंत्रण की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मच्छरों के नियंत्रण की दिशा में एक्टिव सर्विलांस, स्प्रे व एलएल आईएन वितरण माध्यम हैं, जिनसे मलेरिया वाहक मच्छरों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने से रोका जा सकता है। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की सफलता के बाद पूरे छत्तीसगढ़ में इसे अभियान के रूप में चलाकर इसकी सफलता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने दूसरे राज्यों से आने वाले प्रवासी मजदूरों का प्रदेश में प्रवेश से पहले स्वास्थ्य परीक्षण करने जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों की ट्रैकिंग एवं उनकी स्क्रीनिंग कर मलेरिया और इससे होने वाली मृत्यु तथा इसके प्रसार को रोका जा सकता हैं।

कार्यशाला में वीबीडी सलाहकार संगीता पांडेय ने अपने जिले का प्रस्तुतीकरण दिया। इसी क्रम में वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण हेतु सकारात्मक पहल के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया गया, जिससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इस बीच जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भूमिका वर्मा ने सभी जिलों को मिलकर कार्ययोजना बनाने के सम्बन्ध में सुझाव दिए तथा वेक्टर जनित रोगों से बचाव के विषय में जानकारी दी। कार्यशाला में वक्ताओं ने मलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में नई रणनीति बनाकर पड़ोसी राज्यों के भी संवेदनशील क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता से विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। मलेरिया से बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर डॉ. मिथिलेश चौधरी तथा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे जिले दुर्ग, बालोद, कबीरधाम व कांकेर के सीएमएचओ एवं डीएमओ के साथ छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे सीमावर्ती जिले गोंदिया, गढ़चिरौली व बालाघाट के मलेरिया कार्यक्रम में कार्यरत प्रतिनिधि भी प्रमुखता से शामिल हुए। कार्यशाला का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति राजनांदगांव, जिला स्वास्थ्य समिति खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और जिला स्वास्थ्य समिति मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित सभी जिले के सीएमएचओ प्रमुखता से शामिल हुए।

जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए भोलाराम साहू विधायक, विधानसभा क्षेत्र खुज्जी, विष्णु देव साय सरकार द्वारा दिनाँक 10 जून बलौदाबाजार प्रकरण में राजनीतिक द्वेष व दुर्भावनावश भरतीय रास्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित विधायक देवेंद्र यादव सहित युवा कांग्रेस एवं एनयूएसआई के जिला अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फ़र्जी विभिन्न धाराओं पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने के विरोध में आज जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के प्रभारी भोलाराम साहू विधायक, विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के नेतृत्व में श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा विधायक विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ धरना, प्रदर्शन, आंदोलन में शामिल हुए।

कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्वर्ण जयंती के प्रतीकात्मक मशाल को सुरगी केन्द्र द्वारा कवर्धा केन्द्र को सौंपा गया

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्वर्ण जयंती के प्रतीकात्मक मशाल को कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा को सौंपा गया। मशाल को कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के वैज्ञानिक डॉ. एनसी बंजारा के सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर किसान गोष्ठी का आयोजन कर कृषकों एवं विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि प्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना 1974 में पांडिचेरी में हुई थी और अब तक पूरे देश में 731 कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना हो चुकी है। इस अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांग, मनीष कुमार सिंह, आशीष गौरव शुक्ला, जितेन्द्र कुमार मेश्राम, श्रीमती मंजूलता मरावी, पंकज चंदेल, छत्रपाल देशमुख सहित बड़ी संख्या में कृषक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली में 31 मार्च 2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में निदेशक आईसीएआर डॉ. हिमांशु पाठक द्वारा मशाल का उद्घाटन किया गया। इस मशाल को देश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में भ्रमण कराया जा रहा है। मशाल 30 जुलाई को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा निदेशक विस्तार सेवाएं को सुपुर्द किया गया। मशाल यात्रा की शुरूआत कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर से की गई। 21 अगस्त 2024 को कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा दुर्ग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी राजनांदगांव को मशाल सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर ने छुरिया विकासखंड के प्राथमिक शाला मोहगांव का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छुरिया विकासखंड के प्राथमिक शाला मोहगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा में पढ़ रहे छोटे बच्चों से बात की और अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कक्षा 5वीं के बच्चों से गुणा हल करने के लिए कहा। कक्षा 5वीं के बच्चे ने बहुत सरल तरीके से गुणा को हल किया। इस पर कलेक्टर ने ताली बजाकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने स्कूल में चल रहे संपर्क डिवाईस के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्मार्ट टीवी के माध्यम से संपर्क डिवाईस का उपयोग करने कहा। उन्होंने संपर्क डिवाईस को चलाकर भी देखा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर उपस्थित थी।

जिला स्तरीय परंपरागत वैद्य सम्मेलन

मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय मोहला में जिला स्तरीय परंपरागत वैद्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ परंपरागत वनऔषधि प्रशिक्षित वैद्य कल्याण संघ के सदस्य एवं वन मंडलाधिकारी मोहला के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में वैद्य कन्हैया लाल साहू ने मोहला में उपस्थित सभी वैध की जानकारी एवं उनके द्वारा विभिन्न रोगों के उपचार में प्रयोग की जाने वाली प्रयुक्त जड़ी-बूटियों के संबंध में जानकारी दी। वैद्य एवं वन के जुड़ाव के संबंध में जानकारी दिया।

वन मंडलाधिकारी मोहला ने वन विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। एक पेड़ मां के नाम, किसान वृक्ष मित्र संपदा, चक्रीय निधि योजना के संबंध में जानकारी दी। साथ ही बताया कि किसान वृक्ष मित्र योजना में मुख्य वृक्ष के अलावा सतावर, मीठा तुलसी, अश्वगंधा और सर्पगंधा की भी खेती में भी सब्सिडी शासन के द्वारा दी जाती है। सम्मेलन में आए विभिन्न वैद्यों ने सर्प दंश, मधुमेह, हड्डीजोड़, लाकुवा, हाइ ब्लड प्रेशर तथा अन्य रोगों के उपचार तथा उनमें प्रयुक्त होने वाली जड़ी-बूटीयो के संबंध में जानकारी दी।

उपवनमंडल अधिकारी मोहला ने मोहला जिला में लघु वनोपज संग्रहण एवं जिला मोहला में बहुतायत में पाए जाने वाले जड़ी-बूटी सतावर, छुई के संबंध में जानकारी दी। साथ ही लघुवनोपज संघ द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के संबंध में जानकारी दिया गया। उपवनमंडल अधिकारी मानपुर द्वारा परंपरागत जड़ी-बूटी का हर संभव प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। सम्मेलन में वन मंडलाधिकारी दिनेश पटेल, वैद्य कन्हैया लाल साहू, वैद्य कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, वैद्य वासुदेव ठाकुर, वैद्य द्वारका यादव, वैद्य रमेश कुमार साहू, वैद्य भगवान सिंह धावड़े, उप वनमंडलाधिकारी मोहला-मानपुर, परिक्षेत्र अधिकारी मोहला, चौकी और दक्षिण मानपुर तथा वनविभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं मोहला, राजनांदगांव के 90 से अधिक वैद्य उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस के जेल भरो आंदोलन में 100 युवाओं ने दी गिरफ्तारी : जेल का ताला टूटेगा, देवेंद्र यादव छूटेगा एवं जय सतनाम के लगे नारे

राजनांदगांव (दावा)। शहर विधायक देवेंद्र यादव एवं सतनामी समाज, युवा कांग्रेस एनएसयूआई के युवाओं को गिरफ्तार करने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में युवा कांग्रेस द्वारा जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था इसी क्रम में राजनांदगांव जिला मुख्यालय में राजनांदगांव शहर वह ग्रामीण, खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मानपुर मोहला, खुज्जी के युवा कांग्रेसी हजारों की संख्या में राजनांदगांव कोतवाली थाना घेरने निकले और जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम किया गया।

इस दौरान सभी युवा कांग्रेसी पहले महावीर चौक में एकत्रित हुए उसके बाद जेल का ताला टूटेगा देवेंद्र यादव छूटेगा और जय सतनाम के नारे लगाते हुए कोतवाली थाना घेराव के लिऐ आगे बढ़े, दो पुलिस बैरिकेड को धाराशाही करने के बाद पुलिस प्रशासन से जोरदार झुमझटकी हुई जिसमें दर्जन भर युवा कांग्रेसी घायल हुए, पुलिस प्रशासन द्वारा अंतिम बैरिकेट लगभग 15 फीट का बनाया गया। पुलिस प्रशासन की इतनी अधिक व्यवस्था के चलते आंदोलन उग्र रूप लिया। तीखी नोकझोक के पश्चात सैकड़ों युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी दर्ज करायी। गिरफ्तारी होते ही पुलिस प्रशासन होश में और गृह मंत्री विजय शर्मा मुर्दाबाद के नारे युवा कांग्रेसियों द्वारा लगाए गये। अंततः युवा कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा घेरा बनाकर रघुपति राघव राजा राम का भजन गाकर अपनी गिरफ्तारी स्वीकार की।

जेल भरो आंदोलन में युवाओं को बल प्रदान करने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, प्रदेश सचिवद्वय मेहुल मारू, निखिल द्विवेदी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली खान, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, युवा नेता तथागत पांडे, नीरज कन्नौजे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शकील रिज़्वी, जिला अध्यक्ष राजीक सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव अनिमेष सिंह, मानव देशमुख, चेतन भानुशाली, प्रीति वैष्णव,शहर जिला अध्यक्ष गुरबेज माखीजा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संदीप सिंह, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी, मानपुर-मोहला जिला अध्यक्ष मनीष निर्मल, खुज्जी विधानसभा अध्यक्ष विनोद मंडलोई, डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, मोहला-मानपुर विधानसभा अध्यक्ष अजय राजपूत, डोंगरगांव, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सोहन साहू प्रदेश सचिव पवन तिवारी, कुबेर वैष्णव, विप्लव शर्मा, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष महेश सेन, गौरव शर्मा, राजनांदगांव शहर जिला उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री, एफज़ खान, शिवम गढ़पाले, आफताब अहमद, दुर्गेश राजपूत, जिला महासचिव राहुल गजभिए, सुनील कोठारी, चंद्रकांत साहू, निखिल रामटेके, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष निलेश पांडे, दामन दस, शुभम पांडेय, रौनक भफना, एनएसयूआई संयुक्त महासचिव राजा यादव, जिला अध्यक्ष अमर झा, डोंगरगांव विधानसभा अध्यक्ष उज्ज्वल निर्मलकर खैरागढ़ एनएसयूआई अध्यक्ष वाशु सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नक्सल प्रभावित बीजापुर के 31 युवाओं ने की गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकातः पहली बार रायपुर आने पर जताई खुशी

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नक्सलवाद से प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आस-पास के पांच गांव के 31 युवाओं और बच्चों ने रविवार को नवा रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा पहली बार राजधानी रायपुर पहुंचे। केंद्रीय गृहमंत्री ने इन बच्चों से हाल-चाल पूछा और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इन युवाओं ने राजधानी रायपुर के भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तागन, महानदी भवन मंत्रालय, मीवान स्टील प्लांट, मैग्नेटो मॉल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पुरखौती मुक्तांगन, रेलवे स्टेशन और मैग्नेटो माल का भ्रमण किये। 23 अगस्त की रात से यह युवा रायपुर पहुंचे। बच्चों की ये टोली कल गंगरेल बांध घूमते हुए वापस बीजापुर लौट जाएंगे। पालनार सुरक्षा कैम्प के आस-पास के इन बच्चों के गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, बिजली पानी राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबा?ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सुरक्षा कैम्प के पांच किलोमीटर की परीधि के गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है। बीजापुर जिले के सुरक्षा कैम्पों के पास के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है।

इस मामले में प्रदेश के मुखिया सीएम साय ने ट्वीट कर लिखा कि बीजापुर जिला प्रशासन की पहल पर पालनार कैम्प के पास के इन गांवों के बच्चों को राजधानी रायपुर में औद्योगिक विकास सहित रोजगार के क्षेत्र में नए नए अवसर एवं विकास की सभी गतिविधियों से परिचित कराया गया है। इससे इन युवाओं में नए उत्साह का संचार दिख रहा है। ये युवा अब रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपना नया और सुंदर भविष्य बनाना चाहते हैं। आज नया रायपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से बीजापुर के पालनार कैम्प के 5 गांवों से आए 31 युवाओं ने मुलाकात की। गृह मंत्री जी ने युवाओं से उनका हाल-चाल पूछा और सबको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शाह से मिलकर युवा बहुत ही उत्साहित थे। इन युवाओं के गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है।

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण जी की शोभायात्रा धूमधाम से नगर भ्रमण करेगी

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संस्कारधानी राजनांदगांव में कोसरिया यादव महासभा द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति द्वारा सोमवार को साहडा देव मंदिर महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास इष्ट देव भगवान श्री कृष्णा जी के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए विभिन्न वार्डों से आने वाली झांकियां एकत्रित होकर तथा गाजे-बाजे के साथ भगवान श्री कृष्ण जी की शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी।

विभिन्न वार्डो से आने वाली झांकी के साथ पारंपरिक राउत नृत्य दल, मंडई मेला, डीजे, रामधुनी दल, बलि अखाड़ा के साथ कोसरिया यादव महासभा के पदाधिकारी वार्डो के गौटियागण, नगर के युवा संगठन, महिला संगठन व पदाधिकारी तथा नगर वासी अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। वार्डो से निकलने वाली झांकी की तैयारी कर ली गई है जो कि आज दोपहर 12 तक आरंभ स्थल साहडा देव महरानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास पहुंचेगी। तदपश्चात सभी झाकीयां क्रमवार व्यवस्थित रुप से महरानी लक्ष्मी बाई स्कुल से रेल्वे स्टेशन चौक, दिल्ली दरवाजा, शनि देव मंदिर, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना चौक, दुर्गा चौक,आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, जमातपारा, गुरुद्वारा चौक, इमाम चौक से महरानी लक्ष्मीबाई स्कूल साहडा देव मंदिर पर पुजा आरती कर प्रसादी वितरण कर समापन की जावेगी।

गौसेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मन्ना यादव ने बताया कि 1 सितंबर 2024 दिन रविवार को सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम गांधी सभागृह म्यूनिस्पिल स्कूल में रखा गया है। जिसमें प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा का सम्मान, शिक्षा, खेल, कला के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर सम्मान, समाज के युवाओं व बच्चों का सामूहिक नृत्य, के साथ साथ सांस्कृतिक दल का कार्यक्रम, समाज वरिष्ठों का सम्मान, अतिथियों का सम्मान कर समापन किया जावेगा।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

कलेक्टर ने ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और ग्रामों के चौक-चौराहों, मोहल्ले एवं बाजार सहित अन्य स्थलों की साफ-सफाई कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने और स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार डोंगरगांव विकासखंड के प्रत्येक गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस मॉडल के स्थायित्व को बनाये रखने के लिए के लिए स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रत्येक गांव में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चे, शिक्षक, पंच, सरपंच, स्वेच्छाग्राही एवं ग्रामवासियों ने हिस्सा लेकर गली, चौक-चौराहे की साफ-सफाई की। इस अवसर पर रैली, चौपाल के माध्यम से ओडीएफ प्लस, मिशन लाईफ, स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन की जानकारी देते हुए समुदाय को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामवासियों के साथ मिल कर साफ-सफाई की और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कलेक्टर ने कहा कि गांव एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल व्यवहार करने की आवश्यकता है। उन्होंने खुले में कचरा को फेंकने या जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी।

कचरा प्रबंधन में गीला एवं सूखा कचरा की पहचान व वर्गीकरण के बारे में बताया। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने ग्रामीणों से गांव में स्वच्छाग्राही दीदीयों को सूखा अजैविक कचरा देने एवं सेवा शुल्क के रूप मे ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क प्रतिमाह निर्धारित समय-सीमा में प्रदान करने का आग्रह किया। जिन दुकानों एवं घरों से कचरे बाहर गली में फेंके जाते हैं, उन्हें कचरे को इधर-उधर नहीं फेंककर डस्टबिन में कचरा एकत्र कर स्वेच्छाग्राही दीदी को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव की साफ-सफाई की और पौधरोपण किया। उन्होंने ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, नृत्य, चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया।

बच्चों एवं स्वेच्छाग्राही दीदीयों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी साहू, सरपंच टीकम पटेल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, जनपद सीईओ नवीन कुमार, परियोजना अधिकारी श्रीमती भगवती साहू, जिला समन्वयक छोटेलाल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू, एबीईओ शिक्षा विभाग सुश्री रश्मि ठाकुर, जिला समन्वयक बसंत कुमार मारकंडे, वर्ल्ड विजन इंडिया, यूनिसेफ, विकासखंड समन्वयक श्रीमती मेघा कुर्रे, सचिन देवेंद्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी, ग्रामीण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

चौपाल ग्रुप में जन्मदिन.....

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के पूर्व सासंद व वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा के जन्मदिन पर चौपाल ग्रुप द्वारा आजाद चौक में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर सासंद संतोष पाण्डेय, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, दिनेश गांधी, प्रकाश सांखला, नरेश बैद पतली, पुखराज कांकरिया, कोमल सिंह राजपूत, राजा माखीजा, प्रदीप गांधी, राजेन्द्र गोलछा, दीपक चौहान, पवन मेश्राम, अशोक खंडेलवाल, योगेश खत्री, राजेन्द्र जैन बंटू, सहित अनेक नेता शामिल हुए।

किराये से देना है

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

आवश्यकता है

रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com